सोमवार, 8 दिसम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 26 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदयः 06:03 | सूर्यास्तः 16:52 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



बिहार सरकार आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए 100 फास्ट-ट्रैक अदालतें गठित करेगी: गृह मंत्री पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : आजकल भावनाओं से खेलना सबसे पसंदीदा खेल हो गया है।

## धीरेंद्र शास्त्री बोले- भारत में सनातनी चाहते हैं, तनातनी नहीं



# कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में लाखों लोगों ने एक साथ किया गीता पाठ

## साध्वी ऋतंभरा बोलीं- कश्मीर से कन्याकुमारी तक हिंदू राष्ट्र की गूंज होनी चाहिए

**कोलकाता :** कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को लाखों लोगों ने एक साथ भगवद् गीता का पाठ कर नया कीर्तिमान बनाया। हिंदुओं के आध्यात्मिक जागरण के लिए सनातन संस्कृति संसद नामक संस्था (विभिन्न मठों के आध्यात्मिक गुरुओं का एक संगठन) की ओर से इस सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य आम लोगों तक सनातन धर्म की मूल भावना और गीता के सार्वभौमिक संदेशों को पहुंचाना है। पांच लोक्खो कंठे गीता पाठ (एक साथ पांच लाख कंठों से गीता पाठ) नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में पद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और भारत सेवाश्रम संघ के कार्तिक महाराज सहित प्रमुख धार्मिक हस्तियां शामिल हुईं। बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी सहित भाजपा के कई सांसदों, विधायकों व नेताओं ने सामूहिक गीता पाठ में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी



महाराज ने दावा किया कि बड़ी संख्या में साधु- संतों व साध्वियों सहित पांच लाख से अधिक लोगों ने सामूहिक गीता पाठ में हिस्सा लिया। नेपाल व बांग्लादेश से आए हिंदुओं ने भी इसमें भाग लिया। वेदों के पाठ के बाद भगवद् गीता के प्रथम, नवम और 18वें अध्याय का एक साथ पाठ किया गया। पूरा ब्रिगेड मैदान भगवा झंडों से पटा नजर आया और भगवा वस्त्र पहने सनातनियों को ढाक और झांझ के साथ नृत्य करते देखा गया। शंख की ध्वनि से पूरा ब्रिगेड मैदान गूंज उठा। रथ पर गीता लेकर ज्ञानानंद जी महाराज कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

आयोजकों ने दावा किया कि यह बंगाल और देश में अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ है।

गीता पाठ कार्यक्रम के मंच से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हिंदू अगर एक हो जाए तो भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि ये देश बाबर का नहीं, रघुवर का है। सनातन एकता ही इस देश और दुनिया के लिए शांति का सबसे बड़ा ज़रिया है। भारत में हमें सनातनी चाहिए, तनातनी नहीं। भारत में हमें भगवा-ए-हिंद चाहिए, गज़वा-ए-हिंद नहीं।

### बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने के अगले दिन हुआ आयोजन

संयोग से यह आयोजन सत्तारूढ़ टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने के एक दिन बाद ही हुआ। राज्य में कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इस आयोजन को लेकर राजनीतिक विवाद भी शुरू हो गया। सत्तारूढ़ टीएमसी ने भाजपा पर धर्म का इस्तेमाल कर ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया। हालांकि आयोजकों ने दावा किया कि यह एक आध्यात्मिक कार्यक्रम है जिसका राजनीति से कोई संबंध नहीं है।

> **यहां भगवा ही चलेगा- साध्वी ऋतंभरा**
>
> साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से सुंदरबन तक हिंदू राष्ट्र की गूंज होनी चाहिए। यह देश राम का है और हमेशा उन्हीं का रहेगा। यहां भगवा ही चलेगा और यह शाश्वत सत्य है। इस देश में बाबरी की कोई नींव नहीं है। कोई भी इमारत बना सकता है लेकिन बाबर को दिल में नहीं बता सकता।

### दिसंबर 2023 में भी हुआ था गीता पाठ का आयोजन

मालूम हो कि लोकसभा चुनाव से पहले ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पिछली बार 24 दिसंबर, 2023 को इसी तरह का सामूहिक गीता पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग एक लाख लोगों ने भाग लिया था। महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि बंगाल में पहली बार 2022 में एक साथ पांच हजार लोगों के साथ गीता पाठ के आयोजन की शुरुआत हुई थी जो अब पांच लाख लोगों तक पहुंच गई है। उन्होंने हिंदुओं से जागने की अपील करते हुए हिंदू राष्ट्र का जयघोष किया।

### राज्यपाल ने सुनाया कृष्ण- अर्जुन का प्रसंग

राज्यपाल बोस ने कहा कि श्री कृष्ण ने बार-बार अर्जुन से कहा कि अर्जुन अपना काम करो और आज बंगाल काम करने के लिए तैयार है।

### धर्म विरोधियों की ठठरी बांध देंगे : धीरेंद्र शास्त्री

धीरेंद्र शास्त्री ने यह भी कहा कि कोलकाता में मां काली की पवित्र धरती पर पांच लाख से अधिक लोगों को एक साथ गीता का पाठ करते और जोश और आस्था का सैलाब देखकर ऐसा लगा जैसे यहां महाकुंभ मेला लगा हो। गीता भारत की शान और स्वाभिमान है। उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्दी कथा करने फिर बंगाल आएंगे। अगली बार बंगाल में कथा के दौरान धर्म विरोधियों की ठठरी बांध देंगे।

## इंडिगो के सीईओ और जवाबदेही प्रबंधक को डीजीसीए का नोटिस

- जवाब दाखिल करने के लिए आज शाम 6 बजे तक का समय
- छठे दिन 650 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल

**नयी दिल्ली :** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने रविवार को इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स और जवाबदेही प्रबंधक इस्ट्रो पोर्केरास को उड़ान में व्यवधान के लिए जारी 'कारण बताओ नोटिस' का जवाब देने के लिए और समय दे दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों को अपने जवाब दाखिल करने के लिए 24 घंटे का अतिरिक्त समय या सोमवार शाम छह बजे तक की समय सीमा दी गई है। पिछले छह दिनों से लगातार इंडिगो की उड़ान सेवाओं में बड़े पैमाने पर व्यवधान जारी है, जिसके कारण हजारों यात्रियों को परेशानी हुई है। इसी पृष्ठभूमि में नियामक ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### इंडिगो ने अब तक 610 करोड़ रुपये के रिफंड की प्रक्रिया पूरी की: सरकार

मुंबई : इंडिगो ने रद्द या अत्यधिक विलंबित उड़ानों के लिए अब तक 610 करोड़ रुपये के रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर ली है और शनिवार तक 3,000 नग सामान यात्रियों तक पहुंचा दिया गया है। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार ने कहा कि देश का विमानन नेटवर्क तेजी से सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है और परिचालन पूरी तरह स्थिर होने तक सभी सुधारात्मक कदम लागू रहेंगे।

### धीरे-धीरे हम सामान्य स्थिति की ओर लौट रहे हैं: इंडिगो सीईओ

नयी दिल्ली, सात दिसंबर (भाषा) देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने रविवार को कहा कि एयरलाइन रविवार को लगभग 1,650 उड़ानें संचालित करेगी और धीरे-धीरे हम सामान्य स्थिति की ओर लौट रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में सैकड़ों उड़ानें रद्द और विलंबित होने से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी हुई है।

## बंगाल, तमिलनाडु में राजग बड़ी जीत हासिल करेगा: शाह

**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के हर कोने में जनता ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को खारिज कर दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी चुनावों में जनता के समर्थन से बड़ी जीत हासिल करेगा। शाह ने कहा कि भाजपा और राजग के सहयोगियों ने बिहार में दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाई, लेकिन राहुल गांधी ईवीएम और मतदाता सूची में खामियां ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा, आज इस मंच से मैं ममता बनर्जी (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री) और स्टालिन (तमिलनाडु के मुख्यमंत्री) से कहना चाहता हूं कि तैयार रहें। बिहार के बाद, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में राजग की बारी है। शाह ने कहा कि भारत के लोगों ने हर क्षेत्र में देश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को एक महान राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

सशस्त्र बल झंडा दिवसः प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताया (पृष्ठ 7)

मैं आंदोलन के नहीं, बातचीत के पक्ष में हूं: हिमंत (पृष्ठ 7)

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## गोवा के नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत



- 25 मृतकों में 20 कर्मचारी और 5 पर्यटक शामिल
- चार कर्मचारी गिरफ्तार
- प्रत्यक्षदर्शियों का दावा-अंदर पटाखे फोड़े गए थे

**पणजी :** उत्तर गोवा का लोगों से खचाखच भरा एक नाइटक्लब रविवार आधी रात के बाद आग की भीषण लपटों में घिर गया, जिससे 25 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इस हादसे ने क्लब में कथित अवैध गतिविधियों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने पहले कहा था कि ऐसा प्रतीत होता है कि संभवत: सिलेंडर विस्फोट के कारण आग लगी, लेकिन इस त्रासदी में बचे एक पर्यटक ने दावा किया कि नृत्य प्रस्तुति के दौरान आतिशबाजी की गई और वही आग लगने की असली वजह हो सकती है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लोग पणजी से 25 किलोमीटर दूर अरपोरा स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब के भूतल पर फंस गए थे, जिसके कारण अधिकतर लोगों की मौत दम घुटने से हुई।

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने उन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का संकल्प जताया, जिन्होंने सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के बावजूद क्लब के संचालन की अनुमति दी। एक ग्राम अधिकारी ने दावा किया कि निर्माण अनधिकृत था और मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में चार पर्यटक और 14 कर्मचारी शामिल हैं, जबकि बाकी सात की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज लोकसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा शुरू करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सोमवार को लोकसभा में चर्चा की शुरुआत करेंगे। इसमें राष्ट्रीय गीत के बारे में कई महत्वपूर्ण और अज्ञात पहलुओं के सामने आने की संभावना है। लोकसभा में 'राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा' सोमवार के लिए सूचीबद्ध है और इस पर बहस के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस चर्चा में दूसरे वक्ता होंगे। इस चर्चा में लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई और प्रियंका गांधी वाद्रा सहित अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। संसद में यह चर्चा, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित और जदुनाथ भट्टाचार्य द्वारा संगीतबद्ध वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर वर्ष भर आयोजित होने वाले समारोह का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर 1937 में इस गीत से प्रमुख छंदों को हटाने और विभाजन के बीज बोने का आरोप लगाया था।

### राहुल, प्रियंका चुनाव सुधार और वंदे मातरम् पर लोकसभा में बहस में हिस्सा लेंगे

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई और प्रियंका गांधी वाद्रा सोमवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा में भाग लेंगे, जबकि विपक्ष के नेता राहुल गांधी अगले दिन चुनाव सुधारों पर बोलेंगे। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस ने दोनों बहसों के लिए अपने वक्ताओं की सूची को अंतिम रूप दे दिया है जो सोमवार, मंगलवार और बुधवार को लोकसभा में होगी।

## ट्रंप प्रशासन की वरिष्ठ अधिकारी हुकर पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचीं



**नयी दिल्ली :** अमेरिका की उप विदेश मंत्री (राजनीति मामलों)एलिसन हुकर द्विपक्षीय रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर रविवार को नयी दिल्ली पहुंचीं। हुकर की नयी दिल्ली और बेंगलुरु की यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बढ़ गया है, क्योंकि अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम शुल्क लगा दिया है, जिसमें भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क भी शामिल है। अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा कि उप विदेश मंत्री हुकर की यात्रा, मजबूत अमेरिका-भारत साझेदारी और स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है। बयान के मुताबिक, हुकर की 7-11 दिसंबर की यात्रा का उद्देश्य अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना, अमेरिकी निर्यात बढ़ाने सहित आर्थिक और वाणिज्यिक संबंधों को प्रगाढ़ करना तथा कृत्रिम मेधा और अंतरिक्ष अन्वेषण सहित उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ावा देना है। दूतावास ने कहा, ''नयी दिल्ली में उप विदेश मंत्री हुकर वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगी, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ विदेश कार्यालय में परामर्श भी शामिल है।''

**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए मैं 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org

Floow : facebook.com/poorvaorthopedic
www.twitter.com/poorvaortho




INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com

**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 **M** +91 89810 89014

Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau, Silver and Certified Gemstones with buy-back facility.

Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars — Toll Free No. 1800 889 1704

## बीएलओ पर कार्य का दबाव कम किया जाए

मतदाता सूचियों की शुद्धता व पारदर्शी चुनावों के लिये चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया को जारी रखने का निर्देश देकर देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को राहत ही दी है। वहीं दूसरी ओर संसद से सड़क तक एसआईआर के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश में लगे विपक्ष को इस निर्णय से बैकफुट पर आना पड़ेगा। दरअसल, विपक्षी दल बिहार में शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लगातार मुखर विरोध करते रहे हैं और मामला कई बार अदालत तक भी पहुंचा था। लेकिन बिहार में बहुत कम समय में यह काम पूरा हुआ और राज्य में नई सरकार भी चुन ली गई है। हालिया प्रक्रिया की कथित विसंगतियों के बाबत सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्व वाली बेंच ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकारों के कर्मचारी एसआईआर व अन्य वैधानिक दायित्वों के निर्वहन के लिये बाध्य हैं। वहीं कोर्ट ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों को निर्देश दिए हैं कि एसआईआर में लगे बूथ लेवल अधिकारियों पर काम का दबाव कम करने के लिए तुरंत कदम उठाएं। इसके लिये अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों विशेष गहन पुनरीक्षण में लगे कई बीएलओ के तनाव से मरने व आत्महत्या करने के समाचार आए थे। जिसके चलते चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को एक सप्ताह के लिये आगे बढ़ाया था। वहीं दूसरी ओर अदालत ने स्पष्ट किया कि एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारों को चुनौती नहीं दी जा सकती। यह भी कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके पास मतदाता सूचियों में पारदर्शिता लाने के लिये एसआईआर को अंजाम देने के संवैधानिक व कानूनी अधिकार हैं। साथ ही अदालत ने इस प्रक्रिया पर किसी तरह की रोक लगाने से इनकार किया। इसके अलावा अदालत का कहना था कि यदि भविष्य में किसी तरह की अनियमितता सामने आती है तो तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए जाएंगे।

निस्संदेह, विगत में भी देश में समय-समय पर मतदाता सूचियों में पुनरीक्षण का कार्य होता रहा है। लेकिन यह कभी इतना बड़ा राजनीतिक विरोध का मुद्दा नहीं बना। बहरहाल, अदालत के इस आदेश के बाद विशेष गहन पुनरीक्षण को मुद्दा बनाकर विरोध करने वाले राजनीतिक दलों को झटका अवश्य लगा होगा। हालांकि, इससे पहले भी अदालत ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार किया था। साथ ही उससे जुड़ी विसंगतियों को दूर करने को जरूरी निर्देश अवश्य दिए थे। जहां तक बूथ लेवल अधिकारियों पर काम के दबाव का सवाल है तो निश्चित ही यह एक श्रम साध्य कार्य है। इस काम में लगे शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े दस्तावेजों के प्रमाणीकरण और शिकायतों के निवारण में खासी माथापच्ची करनी पड़ती है। इसलिए बीएलओ के काम के बोझ को कम करने का प्रयास करना बेहद जरूरी है। जिसके लिये कर्मचारियों की संख्या तुरंत बढ़ाने की जरूरत है, जिससे बीएलओ का काम का बोझ कम हो सके। उन्हें साप्ताहिक अवकाश लेने का अवसर मिल सके। निस्संदेह, सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रीय दायित्व का निर्वहन नियुक्त कर्मचारियों के लिये अपरिहार्य है। ऐसी ही जटिलता का सामना कर्मचारियों को जनगणना आदि कार्यक्रमों व स्वास्थ्य से जुड़े मिशनों में करना पड़ता है। घर-घर जाना और लोगों की तल्ख प्रतिक्रियाओं का भी सामना करना पड़ सकता है। वहीं विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध कर रहे राजनीतिक दलों का भी दायित्व है कि वे अपने दल के बूथ स्तरीय अधिकारियों को बीएलओ की मदद करने को प्रेरित करें। महज सत्ता पक्ष की नीतियों के विरोध के लिये विरोध करना स्वस्थ लोकतंत्र के हित में नहीं कहा जा सकता। विपक्ष को लोकतंत्र के हित में विरोध के साथ रचनात्मक सहयोग भी करना चाहिए। लोकतंत्र को संबल देने वाली विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफल बनाने में जहां सरकारी कर्मचारियों की बड़ी भूमिका है, वहीं राजनीतिक दलों व आम नागरिकों के भी दायित्व हैं। नागरिकों को राष्ट्रीय कार्यों में नागरिक धर्म का भी निर्वाह करना चाहिए। आम लोगों की सजगता व सक्रियता बूथ लेवल अधिकारियों के बोझ को कुछ कम जरूर कर सकती है।

# एसआईआर - एक लोक कर्तव्य



एस. गुरुमूर्ति

मेरे जैसे व्यक्ति, जो अपने छात्र जीवन से एक दशक से अधिक समय तक के. कामराज की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी का सक्रिय राजनीतिक कार्यकर्ता रहा, की नजर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर वर्तमान बहस अज्ञानतापूर्ण ही नहीं, बल्कि हास्यास्पद भी है।

निर्वाचन आयोग का एसआईआर, मेरे राजनीतिक कार्यकर्ता वाले काल में, पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सामान्य चुनावी गतिविधि हुआ करती थी। मयलापुर विधानसभा क्षेत्र में, जहां मैं 1960 के दशक से रहता हूं, मेरे विधि शिक्षक, जो मयलापुर के कांग्रेस नेता भी थे, के नेतृत्व में मैं एवं मेरे सहकर्मी चुनाव से छह महीने पहले हर घर व झोपड़ी में जाते थे और अपने पास मौजूद मतदाता सूची में मृत, दूसरी जगह चले जाने या दूसरी जगह से आने वाले, और नए लोगों के नामों की जांच करते थे और पार्टी नेतृत्व के माध्यम से इस बारे में निर्वाचन आयोग को लिखित रूप से सूचित करते थे।

हम नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने, मृत या विस्थापित मतदाताओं के नाम हटाने और मतदाता सूची को अद्यतन करने में मदद करते थे। हम कांग्रेस की एसआईआर टीम हुआ करते थे, जो भारत निर्वाचन आयोग की सहायता करती थी। डीएमके कार्यकर्ता एसआईआर के काम में कहीं अधिक कुशल थे क्योंकि वे अपेक्षाकृत अधिक प्रतिबद्ध और मेहनती थे।

तब पार्टी के कैडर वही काम करते थे, जो आज बूथ स्तर के अधिकारी करते हैं। राजनीतिक दल और निर्वाचन आयोग मिलकर मतदाता सूची तैयार करते थे। इस सूची की प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों की एसआईआर टीम द्वारा क्रॉस-चेकिंग की जाती थी।

अब मैं मयलापुर की उन गलियों में जब घूमता हूं, तो मुझे उन घरों की याद आती है जहां मैं उस समय जाया करता था। इन दिनों एसआईआर पर चल रही जोरदार बहस इस तथ्य को उजागर करती है कि उन दिनों की तुलना में मतदाताओं से कटे हुए आज के राजनीतिक दल इस बात से अनजान हैं कि कभी वे खुद एसआईआर को एक लोक कर्तव्य के रूप में अंजाम दिया करते थे।

ये चीजें आखिर बदल कैसे गईं? उन दिनों राजनीतिक दलों की एकमात्र पूंजी उनके कार्यकर्ता ही हुआ करते थे। लेकिन 1969 में इंदिरा गांधी द्वारा कांग्रेस को तोड़ दिए जाने के बाद, राजनीति में गलत पैसा आने लगा और बेशक उनकी पार्टी के लिए बेहिसाब तरीके से आने लगा। इसने राजनीतिक संस्कृति को पूरी तरह से बदल दिया। इंदिरा गांधी ने अमेरिकी राजदूत डैनियल पैट्रिक मोयनिहान से कहा था कि वह चुनावों को इतना महंगा बना देंगी कि विपक्ष के लिए चुनाव लड़ना ही मुश्किल हो जाएगा। और उन्होंने ऐसा ही किया।

जल्द ही, पैसा पहले कांग्रेस पार्टी में और बाद में अधिकांश पार्टियों में कैडर की जगह लेने लगा। तमिलनाडु में, 1971 में, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने डीएमके के साथ गठबंधन किया और कामराज के नेतृत्व वाली कांग्रेस को हरा दिया। तब से, सबसे मजबूत कैडर आधार वाली डीएमके में भी पैसा काडर की जगह लेने लगा।

आज बहुत ही कम पार्टियों के पास कैडर नाम की निधि बची है। पार्टियों ने यह सुनिश्चित किया था कि मतदाता सूची सिर्फ नामों की नहीं, बल्कि जीवित, वास्तविक एवं वैध मतदाताओं की सूची हो। आज उनका मतदाताओं से उस दौर जैसा कोई जुड़ाव नहीं है। मैं यह बात इस तथ्य पर जोर देने के लिए कह रहा हूं कि एसआईआर एक बार की जांच वाली नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली और सिर्फ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ही नहीं, बल्कि सभी दलों द्वारा की जाने वाली गतिविधि है। यह सिर्फ निर्वाचन आयोग का कानूनी कर्तव्य नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों का एक मान्यता प्राप्त लोक कर्तव्य है।

निर्वाचन आयोग से मतदाताओं से वर्तमान एसआईआर मॉडल के तहत अपना सत्यापन और नामांकन कराने के लिए कहने के बारे में पूछने से पहले राजनीतिक दलों को अपने लोक कर्तव्य को नहीं निभाने पर आत्मचिंतन करना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग और देश के मतदाताओं के बीच एक मध्यस्थ संस्था के तौर पर कम करने वाले राजनीतिक दल अब लुप्त हो चुके हैं। एसआईआर, जो तब एक सामूहिक परियोजना हुआ करती थी, अब निर्वाचन आयोग के नेतृत्व में अंजाम दी रही है।

अगर राजनीतिक दल निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर काम करें, तो एसआईआर कोई समस्या नहीं, बल्कि समाधान है। दरअसल बिहार की एसआईआर परियोजना, जो सुप्रीम कोर्ट में जबरदस्त विवादों और बिहार की सड़कों पर ताबड़तोड़ बहस का विषय बनी, में आखिरकार 1.60 लाख राजनीतिक एजेंटों ने वैध मतदाताओं की पुष्टि के लिए निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर सक्रिय रूप से काम किया।

न एजेंटों में राजद के 48,000, कांग्रेस के 18,000, भाजपा के 47,000 और जदयू के 37,000 बीएलए शामिल थे।

परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट, जिसे राजनीतिक दलों, मीडिया और स्वतंत्र होने का दिखावा करने वाले लॉबिस्टों द्वारा निर्दयतापूर्वक हलकान किया जा रहा था, ने अंततः यह बताया कि ऐसी एक भी शिकायत नहीं आई कि किसी मतदाता को अंतिम सूची से बाहर रखा गया हो और यहां तक कि यह भी कह दिया कि बिहार एसआईआर मॉडल अखिल भारतीय एसआईआर में सहायक साबित होगा।

तो फिर एसआईआर के खिलाफ मौजूदा राजनीतिक हंगामा क्यों? दोनों पक्षों की ओर से इस बात के साक्ष्य दिए गए हैं कि लाखों अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत में रहते हैं। यूपीए सरकार ने 14 जुलाई, 2004 को संसद को बताया था कि 2001 के अंत तक भारत में लगभग 1.2 करोड़ अवैध घुसपैठिए रह रहे थे। यूपीए के गृह मंत्री ने अलग-अलग राज्यों के स्पष्ट आंकड़े दिए थे - असम में 50 लाख; पश्चिम बंगाल में 57 लाख; बिहार में 4.79 लाख; दिल्ली में 3.75 लाख; त्रिपुरा में 3.25 लाख; नागालैंड में 59,500; मेघालय में 3,0000; और महाराष्ट्र में 20,000। वर्ष 2016 में, एनडीए सरकार ने राज्यसभा को बताया था कि अवैध घुसपैठियों की संख्या 2 करोड़ थी।

एसआईआर का विरोध करने वाले दलों और राजनेताओं की मंशा साफ है, जिसे वे बेशक खुलकर नहीं कह सकते: इन लाखों बांग्लादेशियों को वोट देने की अनुमति दी जाए। यह गैरकानूनी और असंवैधानिक होगा। एसआईआर में यही पेच है।

पुनश्चः निर्वाचन आयोग पर फेंके गए मतदाता सूची में खामियों के एटम बम और हाइड्रोजन बम भी दरअसल निर्वाचन आयोग के उस एसआईआर को सही ठहराते हैं जिसमें दो दशकों की देरी हो चुकी है। ये 'बम' तो बस दो दशकों में इकट्ठा हुई खामियां हैं। पिछले एसआईआर, जिसे वाजपेयी सरकार ने 2003 में शुरू की थी, को मनमोहन सिंह सरकार ने 2004 में पूरा किया था।

**(विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन के अध्यक्ष, तुगलक के संपादक, प्रसिद्ध लेखक एवं वक्ता तथा वरिष्ठ आर्थिक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं। वे भारतीय रिजर्व बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।)**

# हुमायूं कबीर की बाबरी मस्जिद चाल से ममता बनर्जी की सत्ता पर मंडराया संकट



अजय कुमार

पश्चिम बंगाल की राजनीति में इन दिनों हलचल मची हुई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जो 15 साल से सत्ता की कमान संभाल रही हैं, अब चारों तरफ से घिरी नजर आ रही हैं। एक तरफ हिंदू वोटरों का झुकाव भाजपा की ओर हो चुका है, तो दूसरी तरफ उनकी मुस्लिम तुष्टिकरण की पुरानी राजनीति भी डगमगा रही है। ताजा संकट खड़ा कर दिया है उनकी ही पार्टी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने। 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की प्रतिकृति बनाने की नींव रखने का ऐलान कर उन्होंने न सिर्फ तृणमूल कांग्रेस को बैकफुट पर धकेल दिया, बल्कि पूरे राज्य की सांप्रदायिक सियासत को नई हवा भी दे दी। यह घटना महज एक विधायक का विद्रोह नहीं, बल्कि ममता की सत्ता की नींव हिला देने वाली चाल लग रही है।

हुमायूं कबीर कौन हैं, यह जानना जरूरी है। मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से 2021 में तृणमूल के टिकट पर विधायक बने कबीर पहले भी विवादों के केंद्र में रहे हैं। ममता सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके वे मूल रूप से कांग्रेसी पृष्ठभूमि के हैं। 2011 में ममता के सत्ता में आने पर वे मंत्री बने, लेकिन 2015 में पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी। उन्होंने ममता पर आरोप लगाया कि वे अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को 'राजा' बनाने की कोशिश कर रही हैं। नतीजा यह हुआ कि उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। 2021 में वनवास खत्म हुआ और तृणमूल ने फिर मौका दिया। लेकिन अब फिर वही पुरानी कहानी। लोकसभा चुनाव के दौरान कबीर ने कहा था कि मुर्शिदाबाद में 70 फीसद मुस्लिम आबादी है, इसलिए हिंदुओं को भागीरथी नदी में डुबो देंगे। यह बयान सुर्खियां बटोर गया। अब बाबरी मस्जिद का राग छेड़कर वे ममता को सीधा चुनौती दे रहे हैं।

6 दिसंबर का दिन खास था। बाबरी विध्वंस की 32वीं बरसी पर कबीर ने बेलडांगा में शिलान्यास किया। कार्यक्रम में तीन लाख लोग जुटे, 40 हजार बिरयानी के पैकेट बंटे और सऊदी से आए धर्मगुरुओं ने आशीर्वाद दिया। मंच से कबीर ने कहा कि तीन साल में मस्जिद बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने 25 नवंबर को ही ऐलान किया था कि 6 दिसंबर को नींव रखेंगे। तृणमूल ने इसे सांप्रदायिक राजनीति बताकर उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया। ममता ने कबीर को आरएसएस का मुखौटा करार दिया। पार्टी का कहना है कि निलंबन बाबरी मुद्दे के लिए नहीं, बल्कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए हुआ। लेकिन कबीर पीछे हटने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा कि ममता मेरी हत्या भी करवा सकती हैं, लेकिन मस्जिद बनेगी। वे नई पार्टी बनाने और 90 मुस्लिम बहुल सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर चुके हैं।

यह सब ममता के लिए कितना बड़ा झटका है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं। बंगाल में मुस्लिम आबादी करीब 30 फीसद है। 2011 की जनगणना के मुताबिक 27 फीसद थी, जो अब बढ़कर 30 के आसपास पहुंच गई। मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे सीमावर्ती जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की भरमार है। कबीर का दावा है कि 90 सीटें ऐसी हैं जहां मुस्लिम वोट 35 फीसद से ज्यादा हैं। ममता ने हमेशा अल्पसंख्यक वोटों को सहारा बनाया। इमामों को तनख्वाह, धार्मिक जुलूसों का समर्थन सब कुछ किया। लेकिन अब कबीर की चाल से वोट बंटवारे का खतरा मंडरा रहा। भाजपा को इसका फायदा होगा, जो हिंदुत्व कार्ड खेल रही है। वीएचपी ने चेतावनी दी कि अगर बाबरी बहाने से हिंदुओं पर हमला हुआ तो कबीर और ममता जिम्मेदार होंगे। हाईकोर्ट ने भी दखल देने से इनकार कर दिया, जिससे कबीर को हौसला मिला।

ममता का मुस्लिम तुष्टिकरण अब उल्टा पड़ रहा है। वक्फ संशोधन कानून पर उनका यू-टर्न इसका बड़ा उदाहरण है। अप्रैल 2025 में ममता ने कहा था कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने दूंगी। तृणमूल ने सड़क से संसद तक हंगामा किया। मुस्लिम समुदाय खुश था। लेकिन बाद में उन्होंने पोर्टल पर वक्फ संपत्ति का ब्योरा अपलोड करने की इजाजत दे दी। इससे मुस्लिमों में गुस्सा भड़का। उन्हें लगने लगा कि ममता भी भाजपा जैसी हो गई हैं। बिहार चुनाव में तेजस्वी यादव की तरह वादा किया, लेकिन महागठबंधन की हार देखकर रुख बदला। मुर्शिदाबाद में वक्फ विरोधी हिंसा हुई, जिसमें भाजपा ने ममता पर बांग्लादेश बनाने का आरोप लगाया। मौलाना साजिद रशीदी जैसे नेताओं ने राष्ट्रपति शासन की मांग की।

दूसरा बड़ा संकट है विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची साफ करने के लिए एसआईआर शुरू किया। ममता ने इसे अमित शाह की साजिश बताया। कहा कि अगर रोकतीं तो केंद्र राष्ट्रपति शासन लगा देता। एसआईआर से 46 लाख नाम कट सकते हैं, जिनमें ज्यादातर घुसपैठिए। ममता ने विरोध में रैलियां की। मालदा में कहा कि भाजपा अपनी कब्र खोद रही है। एसआईआर से 40 मौतें हुईं, जिनमें आधे हिंदू। ममता ने मुआवजा देने की घोषणा की और निगरानी टीम बनाई। लेकिन आयोग ने उनकी बाधा को नकार दिया। सीमावर्ती जिलों में वोटरों की संख्या दोगुनी हो गई, जो भाजपा घुसपैठ का सबूत बता रही। बंगाल में एक करोड़ फर्जी वोटर होने का दावा कर रही। मुस्लिम बहुल इलाकों में एसआईआर फॉर्म भरने की होड़ लगी, लेकिन ममता का विरोध जारी है। वे घुसपैठियों को सांत्वना दे रही हैं कि डरें नहीं, वापस बुलाएंगी। 20 साल पहले लोकसभा में घुसपैठ पर बवाल काटने वाली ममता अब उलट बोल रही हैं।

भाजपा इन सबका फायदा उठाने को बेताब है। 2021 में 77 विधायक जीतकर राज्य में मजबूत हुई। अब हिंदू वोट उसके पाले में हैं। वंदे मातरम विवाद से बंगाली अस्मिता जोड़ रही। मुस्लिम आउटरीच प्रोग्राम शुरू किया, ताकि बंगाली मुसलमानों को साधे। ओबीसी लिस्ट से 35 मुस्लिम जातियों को हटाने पर तृणमूल-भाजपा भिड़ गई। जाति सर्वे को भेदभाव बढ़ाने वाला बता रही। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम भी बंगाल में दखल दे रही, जिस पर भाजपा की मदद का आरोप है। कबीर का बीजेपी से पुराना रिश्ता रहा। 2019 में वे भाजपा से लड़े। अब कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने उन्हें मानसिक रूप से बीमार और भाजपा एजेंट कहा।

2026 के विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। ममता की स्थिति सांप-छछूंदर जैसी हो गई। न निगलते बन रहा, न उगलते। हुमायूं कबीर का खेल कामयाब हुआ तो तृणमूल का वोट बैंक बंट जाएगा। मुस्लिम वोट भाजपा को फायदा पहुंचाएंगे। बंगाल की सियासत में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण तेज हो रहा। ममता को बड़ा सबक मिल सकता है। क्या वे अपनी सेकुलर छवि बचा पाएंगी? या भाजपा सत्ता की चाबी हाथ में ले लेगी? समय ही बताएगा, लेकिन फिलहाल हुमायूं कबीर की बाबरी चाल ने सबको चौंका दिया है। बंगाल की सड़कों पर बहस छिड़ गई है क्या यह ममता का अंतिम संकट है?

-वरिष्ठ पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 दिसम्बर, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष कृष्णपक्ष चतुर्थी, 16:10 तक, नक्षत्र : पुष्य, 26:52 तक, योग : ब्रह्मा, 16:58 तक, सूर्योदय: 06:01, सूर्यास्त: 16:52, चन्द्रोदय : 20:30, चन्द्रास्त: 09:23, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 07:28 से 08:48

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों को विशेष मान-सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा बन रहा है। आज सप्तम प्रमुख केंद्र भाव लक्ष्मी भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है।

**वृष :** आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी। स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वहीं करने को मिलेगा।

**कर्क :** आज का दिन काफी क्रिएटिव रहने वाला है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम पूरे होते जाएंगे। घर-परिवार में महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

**सिंह :** आज का दिन सिंह राशि के जातकों का काफी व्यस्त रखने वाला है। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में दिन बीत सकता है।रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**कन्या :** आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। घर-परिवार में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभकारी रहने वाला है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों की माली हालात आज के दिन काफी मजबूत रहने वाली है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

**धनु :** आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

**मकर :** मकर राशि वालों का आज का दिन सामान्य रहने वाला है। भागीदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को पूरा करने का आज सुनहरा मौका है।

**कुम्भ :** आज का दिन स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम में परिवर्तन से कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

**मीन :** आज का दिन मीन राशि के जातकों के लिए लाभकारी रहने वाला है। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज फायदेमंद साबित होगा। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

## विदेश की खबरें

### पुतिन की भारत यात्रा के दौरान कड़ी सुरक्षा जांच पर रूसी पत्रकारों ने निराशा व्यक्त की

**मॉस्को :** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हालिया भारत यात्रा के दौरान उनके साथ गए रूसी पत्रकारों ने 23वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन के दौरान अत्यंत कड़े सुरक्षा प्रतिबंधों पर निराशा व्यक्त की है। पुतिन वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चार से पांच दिसंबर तक नयी दिल्ली की यात्रा पर थे, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना था। अखबार 'कोमर्सेंट' और 'वेदोमोस्ती' के संवाददाताओं के अनुसार, हैदराबाद हाउस, राष्ट्रपति भवन और अन्य स्थानों पर सुरक्षा जांच उनकी अपेक्षा से कहीं अधिक गहन थी। 'कोमर्सेंट' अखबार में प्रकाशित एक रिपोर्ट में, आंद्रेई कोलेसनिकोव ने कहा कि समस्याएं शिखर सम्मेलन स्थल हैदराबाद हाउस से शुरू हुईं, जहां जांच के दौरान कई निजी सामान जमा करा लिए गए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को पहले ही पावर बैंक न ले जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन कई लोग तब हैरान रह गए जब चार्जर, सौंदर्य प्रसाधन और यहां तक कि कार की चाबियां और कंघी जैसी चीजें भी ले जाने पर रोक लगा दी गई।

### इजराइल और भारत के बीच सहयोग के 'अनंत अवसर': इजराइली अधिकारी

**यरुशलम :** इजराइली अधिकारी ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को 'बेहतरीन' करार दिया और कहा कि इजराइल और भारत के बीच संबंध 'बेहद मजबूत' हैं तथा दोनों देशों के बीच सहयोग के 'अनंत अवसर' मौजूद हैं। इजराइली विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां भारतीय पत्रकारों के एक समूह से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, 'इजराइल और भारत के बीच संबंध बहुत मजबूत है और ये और भी मजबूत होते जा रहे हैं, नागरिक के साथ ही सैन्य और रक्षा सहयोग के संदर्भ में भी।' विदेश मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि दोनों देशों के पास साथ मिलकर काम करने के 'अनंत अवसर' हैं। आईएमईसी परियोजना के बारे में अधिकारी ने कहा, 'इजराइल के लिए यह एक बहुत ही अच्छी पहल। हम इस पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। फिलहाल, दो देश ऐसे हैं जो हस्ताक्षरकर्ता नहीं हैं - जॉर्डन और इजराइल।

### चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए वरिष्ठ भारतीय सरकारी अधिकारी नेपाल पहुंचे

**काठमांडू :** नेपाल की चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने तथा भारत द्वारा वित्तपोषित विकास परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी रविवार को काठमांडू पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने यहां बताया कि विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मुनु महावर अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान कई उच्च स्तरीय बैठकें करेंगे। उन्होंने बताया कि मंगलवार को उनके प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से मुलाकात करने तथा वित्त मंत्री रामेश्वर खनल, वाणिज्य मंत्री अनिल कुमार सिन्हा और गृह मंत्री ओम प्रकाश आर्यल से मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि काठमांडू में महावर की चर्चा पांच मार्च को होने वाले चुनाव के लिए भारत के समर्थन और सहयोग पर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा कि वह नेपाल में भारत द्वारा वित्तपोषित विकास परियोजनाओं की प्रगति का भी आकलन करेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3285



*बायें से दायें:-* 1) चकल्लस, 4) पदच्युत; विस्थापित, 7) अंदर, 9) मोमबत्ती, 10) धंधा, 12) निरंतर, 14) प्रतिष्ठा, 15) दोज़ख़, 16) कायरता, 17) सूर्यप्रकाश, 18) इच्छा, 19) पसरना *(आकाश में बादल)*, 20) दृढ़ निश्चय, 22) सिनेमा की नायिका, 24) सम्मान, 26) राज़ी करना, 28) लपेटना, 30) कंजूस, 31) पुण्यस्थान, 32) दिल्लगी; मज़ाक.

*ऊपर से नीचे:-* 1) महारानी, 2) किसी समय, 3) एक पालतू पक्षी, 4) निर्लज्ज, 5) अस्थमा, 6) विचलित होना, 8) पर्यन्त, 11) पसंदीदा, 13) *हिटलरशाही*, 19) खोजना; तलना, 21) कितने बजे, 23) एक खट्टा फल, 24) पापी; नीच, 25) *सूरदास*, 27) बेइज़्ज़ती, 28) तिनके के जाति का लंबा, सीधा और गिरहदार पौधा, 29) घेवता.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3243

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | 8 | | | | 9 |
| 3 | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | | | 1 | |
| | 5 | | | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | | | 7 | 3 | | | |
| 1 | | | | | 8 | | 7 | |
| 2 | 9 | | | | 4 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••


**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3242 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 | 4 |
| 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 |



भक्ति भाव के साथ गीता पाठ का आनंद लेते सनातनी



गीता पाठ करता नन्हा सनातनी



जोश व भक्ति के साथ झूमते साधू-संत

## कोलकाता में धीरेंद्र शास्त्री का ऐलान-

# 'हमारा लक्ष्य गजवा-ए-हिंद नहीं, भगवा-ए-हिंद'



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में रविवार को एक भव्य धार्मिक आयोजन हुआ, जिसमें करीब पांच लाख लोगों ने सामूहिक रूप से गीता पाठ किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस, बंगाल बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुकांत मजूमदार, सुवेंदु अधिकारी, दिलीप घोष सहित अनेक गणमान्य नागरिक और धर्माचार्य मौजूद रहे। विशेष रूप से बागेश्वर धाम से आए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और साध्वी ऋतंभरा ने इस आयोजन को और भी आध्यात्मिक बनाते हुए लोगों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भारत में सनातनी विचारधारा की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, हम भारत में 'सनातनी' चाहिए, 'तनातनी' नहीं। भारत में हमें 'भगवा-ए-हिंद' चाहिए, 'ग़ज़वा-ए-हिंद' नहीं। सनातन एकता ही इस देश एवं दुनिया के लिए शांति का सबसे बड़ा संदेश है। पश्चिम बंगाल और कोलकाता के लोगों का और पूरे देशवासियों का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

**❑ सनातन संस्कृति की रक्षा पर दिया जोर**

धीरेंद्र शास्त्री ने अपने संबोधन में हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उनका कहना था कि धर्म और संस्कृति का सही मार्ग अपनाने से ही समाज में शांति और समरसता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि गीता पाठ जैसे सामूहिक आयोजन लोगों के बीच एकता और अध्यात्मिक चेतना को जागृत करते हैं। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने भी उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाई और गीता के श्लोकों का सामूहिक पाठ कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। बंगाल बीजेपी के नेताओं ने भी इस अवसर पर धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सुकांत मजूमदार और सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं।

**❑ जनसमूह से आग्रह किया**

धीरेंद्र शास्त्री और साध्वी ऋतंभरा ने आयोजन के दौरान उपस्थित लोगों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सनातन धर्म केवल धार्मिक आस्थाओं का नाम नहीं, बल्कि जीवन जीने का मार्गदर्शन है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में गीता के संदेशों को आत्मसात करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

## पश्चिम बंगाल धार्मिक अहंकार को खत्म करने के लिए तैयार : बोस



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि राज्य 'धार्मिक अहंकार को खत्म करने के लिए तैयार है।' राज्यपाल का परोक्ष तौर पर इशारा एक दिन पहले मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने की घटना की ओर था। बोस ने कहा कि राज्य ''परेशान करने वाली एक स्थिति'' से गुजर रहा है और बदलाव के लिए तैयार है। हालांकि, इस बारे में उन्होंने विस्तार से कुछ नहीं कहा। राज्यपाल की यह टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा मुर्शिदाबाद के रेजिनगर में अयोध्या के बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की आधारशिला रखे जाने के एक दिन बाद आयी है। बोस ने यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में गीता पाठ आयोजन स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य भ्रष्टाचार को भी खत्म करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'राज्य (पश्चिम बंगाल) एक दुखद स्थिति से गुजर रहा है... बंगाल बदलाव के लिए तैयार है। पश्चिम बंगाल धार्मिक अहंकार को ख़त्म करने के लिए तैयार है।' राज्यपाल ने भगवद्गीता का पाठ करते हुए कहा, 'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे, जिसका अर्थ है भगवान कह रहे हैं कि 'सत्पुरुषों की रक्षा करने के लिए, दुष्कर्म करने वाले दुष्टों के विनाश के लिए और धर्म की पुनः स्थापना करने के लिए मैं प्रत्येक युग में अवतरित होता हूं।' उन्होंने एक नरेंद्र (नरेंद्रनाथ दत्त - स्वामी विवेकानंद) का भी उल्लेख किया, जिन्होंने हिंदू धर्म और भारतीय आध्यात्मिकता को पश्चिम में पहुंचाया। 'पंच लाखो कोंठे गीता पाठ' (एक साथ पांच लाख गीता पाठ) कार्यक्रम का आयोजन सनातन संस्कृति संसद द्वारा किया गया था, जो विभिन्न मठों और हिंदू धार्मिक संस्थानों से आए भिक्षुओं और आध्यात्मिक नेताओं का एक समूह है।

# बंगाल में बाबरी मस्जिद को कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा : सुकांत मजूमदार

**❑ केंद्रीय मंत्री ने बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले निलंबित टीएमसी विधायक पर साधा निशाना**

**❑ कहा- हिंदू समाज सही समय पर इसका जवाब देगा**

**कोलकाता :** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री व बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर पर रविवार को जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू समाज सही समय पर इसका जवाब देगा। उन्होंने कहा कि बंगाल में बाबरी मस्जिद कभी स्वीकार नहीं की जा सकती है।

सुकांत ने कहा कि बंगाल में कोई भी मस्जिद निर्माण का विरोध नहीं कर रहा है, लेकिन बाबर के नाम पर मस्जिद बनाना हिंदुओं का अपमान करने और उन्हें भड़काने की कोशिश लगती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हिंदू समुदाय इसका उचित जवाब देगा।

सुकांत का यह बयान शनिवार को हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव रखने के एक दिन बाद आया है। इससे पहले हुमायूं कबीर ने कहा कि वह कुछ भी गैरकानूनी नहीं कर रहे हैं। कोई भी मंदिर, चर्च बना सकता है और मैं मस्जिद बनाऊंगा। कहा जा रहा है कि बाबरी मस्जिद नहीं बन सकती। ऐसा कहीं लिखा नहीं है। कोर्ट ने भी साफ कहा कि भारतीय संविधान में लिखा है कि कोई भी मस्जिद बना सकता है, यह एक अधिकार है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने भी हुमायूं कबीर को निशाने पर लेते हुए कहा कि विधायक सच में टीएमसी से निलंबित नहीं हैं, यह सिर्फ दिखावा है। शमिक ने कहा कि जब कबीर ने पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले कहा था कि वे मुर्शिदाबाद में 70 प्रतिशत हैं और जब चाहें 30 प्रतिशत हिंदुओं को भागीरथी नदी में फेंक सकते हैं, तब तृणमूल द्वारा कोई निलंबन नहीं हुआ। जब मंत्री फिरहाद हकीम ने खुलेआम कहा कि जो कोई हिंदू पैदा हुआ है और मुस्लिम परिवार में नहीं है, वह बदकिस्मत है। हर मुसलमान से कम से कम एक हिंदू को धर्म बदलने के लिए कहा तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने क्या कार्रवाई की? बाबरी मस्जिद का मुद्दा टीएमसी का सोचा-समझा एजेंडा है। वे बाबर के साथ खड़े हैं, हम नहीं।



**❑ 'धार्मिक आधार पर मत विभाजन की कोशिश कर रहीं ममता'**

सुकांत मजूमदार ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर राज्य में धार्मिक आधार पर मत विभाजन कर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले 'कट्टरपंथी और सांप्रदायिक ताकतों' को बढ़ावा दिया है। मजूमदार ने दावा किया कि 2021 के विधानसभा चुनाव में अधिकांश हिंदू मतदाताओं ने तृणमूल कांग्रेस का समर्थन नहीं किया था। उन्होंने दावा किया कि समुदाय के कुछ वर्ग ममता बनर्जी के नेतृत्व पर विश्वास नहीं करते। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आध्यात्मिक शक्ति और सामूहिक आत्मविश्वास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज 'असुरक्षित महसूस करता है और एकजुट नहीं हो पाया है'।

**❑ भारत में दोबारा कभी नहीं बनेगी बाबरी मस्जिद : लाकेट चटर्जी**

भाजपा की पूर्व सांसद लाकेट चटर्जी ने भी विधायक हुमायूं कबीर पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि भारत में कभी दोबारा बाबरी मस्जिद नहीं बनाई जा सकती। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जहां बाबरी मस्जिद गिराई गई थी, वहां भव्य राम मंदिर बन चुका है और देश-विदेश के लोग इसके उद्घाटन में शामिल हुए थे।

भाजपा नेता ने ममता सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि राज्य सरकार कुछ खास समूहों को खुश करने की राजनीति कर रही है, लेकिन उस जगह पर अस्पताल, स्कूल या कालेज बनाना कहीं ज्यादा बेहतर होता। यह सब कुछ सिर्फ मुस्लिम वोटरों को एकजुट करने के लिए किया जा रहा है। हिंदू समाज भी सब कुछ देख रहा है और वह पूरी तरह से एकजुट है।


## हावड़ा से जोधपुर के लिए स्पेशल ट्रेन

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **04808 हावड़ा-जोधपुर वन वे स्पेशल ट्रेन** दिनांक **09.12.2025 (मंगलवार)** को निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सारिणी, ठहराव, यात्रा की तारीख और गठन के अनुसार चलाई जायेगी :

| स्टेशन | आ. | प्र. | तारीख |
|---|---|---|---|
| **हावड़ा जंक्शन** | -- | **23.00** | 09.12.2025 |
| आसनसोल | ↓ 02.32 | 02.37 | 10.12.2025 |
| धनबाद | 04.15 | 04.20 | |
| गया | 08.02 | 08.07 | |
| प्रयागराज जंक्शन | 17.20 | 17.25 | |
| जयपुर जंक्शन | 05.00 | 05.10 | 11.12.2025 |
| **जोधपुर जंक्शन** | **11.50** | -- | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन मार्ग के बर्द्धमान, दुर्गापुर, कोडरमा, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, गोविंदपुरी, इटावा जंक्शन, टूंडला जंक्शन, ईदगाह जंक्शन, अछनेरा जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, बांदीकुई जंक्शन, गांधीनगर जयपुर, फुलेरा, नवा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना जंक्शन, डेगाना जंक्शन, रेन, मेड़ता रोड जंक्शन, गोटन और पीपाड़ रोड जंक्शन स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तारीख एवं दिन : हावड़ा से - 04808** दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित प्रथम सह वातानुकूलित 2-टियर - 01, वातानुकूलित 2-टियर - 02, वातानुकूलित 3-टियर - 07, शयनयान श्रेणी - 06, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 03 और एसएलआरडी-02 = 21 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें फॉलो करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# कोलकाता हवाई अड्डे पर इंडिगो की 76 उड़ानें रद्द, यात्री परेशान

**कोलकाता :** कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर रविवार को इंडिगो की 76 उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रद्द की गई उड़ानों में से 53 यहां से रवाना होने वाली थी जबकि 23 उड़ानों का गंतव्य कोलकाता था। कोलकाता हवाई अड्डे ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'इंडिगो की 129 उड़ानों को प्रस्थान करना था जबकि 97 को यहां उतरना था। इनमें से क्रमश: 53 और 23 उड़ानों को रउद्द करना पड़ा है।' एक दिन पहले, शनिवार को इंडिगो ने कोलकाता हवाईअड्डे से 41 उड़ानें रद्द की गई थीं, जबकि शुक्रवार को 47 उड़ानें रद्द हुई थीं। कई यात्रियों ने कहा कि उड़ानों का समय कई बार बदलने के बाद जब वे हवाईअड्डे पहुंचे तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। एक यात्री ने कहा, मैंने रविवार को मुंबई जाने की योजना बनाई थी और वहां जरूरी काम था। लेकिन तीन बार समय बदलने के बाद उड़ान रद्द कर दी गई और अगली उपलब्ध टिकट की कीमत हमारी पुरानी टिकट की कीमत से तीन गुना अधिक थी।



# एसआईआर प्रक्रिया के तहत घर-घर सत्यापन, ऑनलाइन फॉर्म भरने वालों से मिल रहे हैं बीएलओ

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चल रहे एसआईआर चरण के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन कर रहे हैं। जिन नागरिकों ने ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन किया है, बीए-लओ उनके घर जाकर सूचनाओं की जांच कर रहे हैं। इसके साथ ही 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं तथा प्रोजनी मैपिंग सूची में शामिल नामों के दस्ता-वेजों की भी घर-घर जाकर पुष्टि की जा रही है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, अब तक एसआईआर प्रक्रिया में लगभग 55 लाख 45 हजार नाम सूची से हटाए गए हैं, जिनमें से 23 लाख 83 हजार मृत मतदाता और लगभग डेढ़ लाख से अधिक डुप्लिकेट पंजीकरण वाले पाए गए हैं। वहीं, साढ़े दस लाख से अधिक मतदाताओं को लापता श्रेणी में चिह्नित किया गया है। इसके अलावा, करीब 19 लाख मतदाता ऐसे हैं जिन्होंने अपना पता बदला है। चुनाव आयोग ने बताया कि मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम युद्धस्तर पर जारी है और 16 दिसंबर को एसआईआर की प्रारंभिक सूची जारी की जाएगी। इस प्रक्रिया को और तेज करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में मुख्य चुनावी कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित की गई।

सूत्रों के मुताबिक, एसआईआर प्रक्रिया में एनुमरेशन फॉर्म की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर निर्धारित की गई है। वर्तमान में अलिपुरद्वार, दक्षिण दिनाजपुर और पूर्व वर्दवान जिलों में डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है, जबकि सिलिगुड़ी, विधाननगर, बेहाला पूर्व, जादव-पुर और मटियाब्रुज जैसे क्षेत्रों में कार्य अभी प्रगति पर है। इसी दौरान बैठक में बीएलओ कर्मियों की सेवा से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई और जिला निर्वाचन अधिकारियों को शीघ्र रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है और इस प्रक्रिया को पारदर्शी व सटीक बनाने के लिए चुनाव आयोग लगातार निगरानी और निरीक्षण कर रहा है।


## नई दिल्ली और हावड़ा के बीच स्पेशल ट्रेन

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **04462/04461 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल** ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समय-सारिणी, ठहराव, यात्रा के दिन और गठन के अनुसार चलाई जाएगी :

| नई दिल्ली-हावड़ा स्पेशल | | | (04462) (04461) | हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तारीख | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तारीख |
| 07.12.2025 | – | **18.15** | ↓ नई दिल्ली | **08.20** | – | 10.12.2025 |
| 08.12.2025 | 14.20 | 14.30 | गया जंक्शन | 10.15 | 10.25 | 09.12.2025 |
| | 18.52 | 19.02 | आसनसोल जंक्शन | 04.50 | 04.55 | |
| | 21.28 | 21.30 | बर्द्धमान | 03.22 | 03.24 | |
| | **23.30** | – | हावड़ा जंक्शन ↑ | – | **01.30** | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग के ग़ाज़ियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, जंघई जंक्शन, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जंक्शन, दुर्गापुर और बैंडेल स्टेशनों पर भी रुकेगी। **यात्रा की तारीख/दिन : नई दिल्ली से 04462** – दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को तथा **हावड़ा से 04461** – दिनांक 09.12.2025 (मंगलवार) को। **गठन :** वातानुकूलित 3-टियर इकोनॉमी - 13 और पावर कार - 02 = 15 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# ओवैसी की एआइएमआइएम के साथ गठबंधन करेंगे निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर

**❑ एआइएमआइएम के साथ गठबंधन करके नई पार्टी बनाएंगे**

**❑ कहा-ओवैसी भी इच्छुक, हैदराबाद आने को कहा**



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि वह बंगाल में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के साथ गठबंधन करके एक नई पार्टी बनाएंगे। हुमायूं का दावा है कि इस बारे में उनकी ओवैसी से बात हुई है। ओवैसी ने उन्हें हैदराबाद आने को कहा है।

हुमायूं ने 22 दिसंबर को नई पार्टी के गठन और मुर्शिदाबाद में एक सम्मेलन आयोजित करने का भी ऐलान किया है। हुमायूं ने कहा कि ओवैसी भी मेरे साथ गठबंधन के लिए उत्सुक हैं। हुमायूं न सिर्फ एआइएमआइएम, बल्कि राज्य में नौशाद सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आइएसएफ) और वाममोर्चा को भी अपने पक्ष में लाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि मुझे कांग्रेस से भी कोई आपत्ति नहीं है। मेरा सबके साथ एक ही लक्ष्य है, बंगाल में भाजपा को सत्ता में आने से रोकना और विधानसभा में ज्यादा सीटें जीतना। हुमायूं ने कहा कि वह विधायक पद से इस्तीफा नहीं देंगे। भरतपुर की जनता ने उन्हें इस्तीफा देने से मना किया है।

**❑ एक साथ एक लाख लोगों से कुरान पाठ का किया ऐलान**

इसके साथ ही कबीर ने ऐलान किया है कि वह मुर्शिदाबाद में फरवरी में एक साथ एक लाख लोगों से कुरान पाठ का आयोजन करेंगे। उनके लिए खान-पान की भी व्यवस्था होगी। हुमायूं ने कहा कि भाजपा आज बंगाल पर कब्जा करने के लिए गीता पाठ का आयोजन कर रही है। उन्होंने बताया कि मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के निर्माण पर लगभग 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वह इस राशि का एक पैसा भी सरकार से नहीं लेंगे। इससे उसकी पवित्रता नष्ट हो जाएगी। पूरी राशि अल्पसंख्यकों द्वारा दान की जाएगी। एक व्यक्ति 80 करोड़ रुपये दान कर रहा है। हुमायूं के पास 25 बीघा जमीन है। उसमें से तीन के जमीन पर मस्जिद की आधारशिला रखी गई है। 25 बीघा जमीन पर एक इस्लामिक अस्पताल, विश्वविद्यालय, हेलीपैड और एक यात्री लाउंज भी बनाया जाएगा। रविवार को भी प्रस्तावित बाबरी मस्जिद के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए कई लोग ईंट, सीमेंट, सरिया आदि लेकर बेलडांगा पहुंचे।

उनकी इस घोषणा पर तृणमूल के राज्य महासचिव कुणाल घोष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उनका कहना था कि गीता हमारे दिल में है, हमारा आदर्श है। हम गीता पाठ के विरोधी नहीं हैं। लेकिन जो लोग गीता का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, हम उनका विरोध कर रहे हैं।


विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

www.samagya.in

समाज्ञा

NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION

- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT

samagyaadvt@gmail.com | samagya.in

81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# विजय दिवस के अवसर पर सेना की विजय बाइक रैली का कोलकाता में भव्य समापन, 1971 युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि

❑ 142 बाइकर्स ने लिया हिस्सा, सैनिकों और नागरिकों का संयुक्त प्रयास
❑ विजय स्मारक पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्वी कमान की ओर से 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक जीत की 54वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित विजय बाइक रैली का रविवार को कोलकाता में गौरवपूर्ण समापन हुआ। रैली का उद्देश्य 1971 के युद्ध में शामिल सैनिकों, शहीदों और युद्ध नायकों को सम्मान देना था। यह बाइक रैली 25 नवंबर को शुरू हुई थी। पूर्वोत्तर के सभी राज्यों से अलग-अलग दल इस यात्रा में शामिल हुए और बाद में गुवाहाटी में एकत्र हुए। इसके बाद, एक दिसंबर को गुवाहाटी स्थित नारंगी सैन्य स्टेशन से इस रैली को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई गई। अधिकारियों के मुताबिक, बाइक राइडर्स ने दिमापुर, तेजपुर, शिलांग, गुवाहाटी, बिन्नागुड़ी, सुकना, सिलिगुड़ी, हिली, मालदह, पानागढ़ और नबग्राम सहित कई महत्वपूर्ण सैन्य और रणनीतिक स्थानों से गुजरते हुए 1,350 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की। रविवार सुबह यह दल कोलकाता स्थित पूर्वी कमान मुख्यालय, विजय दुर्ग पहुंचा, जहां विजय स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर रैली का समापन किया गया।



कोलकाता में सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय पहुंचने पर रविवार को विजय बाइक रैली का स्वागत करते वरिष्ठ सैन्य अधिकारी।

पूर्वी कमान की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, रैली में कुल 142 बाइकर्स शामिल हुए थे। इनमें 71 सेना के अधिकारी व जवान और 71 नागरिक शामिल थे। नागरिक बाइकर्स में कई पूर्व सैनिक भी मौजूद रहे, जिन्होंने यात्रा के दौरान देशभक्ति का संदेश दिया। रैली के अंतिम चरण का नेतृत्व पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने किया। उन्होंने कोलकाता में आयोजित अंतिम 25 किलोमीटर के प्रतीकात्मक सफर में बाइकर्स के साथ शामिल होकर विजय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। कोलकाता मार्ग में बड़ी संख्या में स्थानीय बाइकर्स भी रैली में शामिल हुए, जिससे माहौल देशभक्ति और उत्साह से भर गया।

रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इस आयोजन के साथ ही पूर्वी कमान द्वारा विजय दिवस समारोहों की औपचारिक शुरुआत हो चुकी है, जो 14 से 16 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जारी रहेंगे। भारत हर वर्ष 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में मिली ऐतिहासिक जीत की याद में विजय दिवस मनाता है।

# बेटे के साथ बांग्लादेश से भारत लौटी सुनाली को अब पति की रिहाई का इंतजार

**सुनाली व उसके परिवार को बांग्लादेशी होने के संदेह में गिरफ्तार कर बांग्लादेश भेज दिया गया था**

**कोलकाता :** आठ साल के बेटे के साथ बांग्लादेश से भारत लौटी सुनाली बीबी को अब अपने पति दानिश शेख की रिहाई का इंतजार है। दानिश अभी भी बांग्लादेश की जेल में कैद है। सुनाली आठ महीने की गर्भवती है। स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उसे बंगाल के मालदा जिले के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुनाली अपने पति व बेटे साबिर के साथ कई वर्षों से दिल्ली के रोहिणी इलाके में रहकर कूड़ा बीनकर गुजारा कर रही थी। उन लोगों को एक अन्य महिला व उसके दो बच्चों को दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेशी होने के संदेह में गत 21 जून को गिरफ्तार किया था। फारेन रीजनल रजिस्ट्रेशन आफिस के आदेश पर सभी को बांग्लादेश भेज दिया गया था। बांग्लादेश की पुलिस ने अवैध तरीके से घुसपैठ के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। सुनाली के पिता भोदू शेख ने कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर कर खुद के बंगाल का स्थायी निवासी होने का दावा किया था। साथ ही यह भी कहा था कि उनकी गर्भवती बेटी को अविलंब भारत वापस नहीं लाए जाने पर उसके जन्म लेने वाले बच्चे की नागरिकता सवालों के घेरे में आ सकती है। हाई कोर्ट ने भोदू शेख की ओर से पेश किए गए दस्तावेजों के आधार पर उनकी भारतीय नागरिकता को मान्यता दी थी और केंद्र से उनकी बेटी व उसके परिवार को वापस भारत लाने की व्यवस्था करने को कहा था। केंद्र ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। उसके बाद केंद्र की ओर से बांग्लादेश के उप उच्चायोग से संपर्क किया गया, हालांकि बांग्लादेश सरकार ने फिलहाल सुनाली व उसके बेटे को ही मुक्त किया है। सुनाली ने कहा-'मैं अपने देश लौटकर बहुत खुश हूं और अब चाहती हूं कि मेरे पति भी जल्द सुरक्षित लौट आएं।

## कोलकाता और कामाख्या के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने कोलकाता और कामाख्या के बीच एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस विशेष ट्रेन के संचालन से कुल 1440 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी। 05694 कामाख्या-कोलकाता स्पेशल ट्रेन 08 दिसंबर को सुबह 05:40 बजे कामाख्या से रवाना होगी और अगले दिन रात 00:40 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, वापसी में 05695 कोलकाता-कामाख्या स्पेशल ट्रेन 09 दिसंबर को रात 02:30 बजे कोलकाता से प्रस्थान करेगी और उसी दिन रात 22:05 बजे कामाख्या पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में स्लीपर क्लास और एसी कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह ट्रेन बंडेल, नवद्वीप धाम, कटवा, अजीमगंज और मालदह टाउन स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।




गीता पाठ कार्यक्रम में साध्वी ऋतंभरा से आशीर्वाद लेते भाजपा नेता भोला सोनकर

## आम लोगों की मदद को सदैव तत्पर रहते थे कमल लखोटिया

**कोलकाता :** महानगर कोलकाता की कई सामाजिक संगठनों से जुड़े, सफल उद्यमी और उदारमना स्वभाव के दिवंगत कमल कुमार लखोटिया की स्मृति में रविवार (7 दिसंबर) को हुई बैठक सह श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों के मुताबिक दिवंगत लखोटिया साधारण व आम लोगों की सहायता व मदद को सदैव तैयार रहते थे। कमल लखोटिया जितनी ईमानदारी से कारोबार चलाते थे उतनी ही ईमानदार से समाजसेवी के लिए भी समर्पित थे। वे तन-मन-धन से गरीब और पिछड़े लोगों की सहायता करते थे। उनके नेतृत्व में श्री शाकंभरी सेवा समिति (गणेश गढ़) और ताराचंद दत्त स्ट्रीट स्टुडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने साधना और सेवा के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय व प्रेरणादायक कार्य किए थे। इन



दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों ने बताया कि कमल लखोटिया के यूं चले जाने से सामाजिक क्षेत्र में एक खालीपन सा आ गया है।

बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश बजाज (पूर्व विधायक), जोड़ासांकू के विधायक विवेक गुप्ता, राज्य सरकार में मंत्री रहे तापस राय, पूर्व विधायक संजय बक्सी, स्मिता बक्सी, पोस्ता थाना के प्रभारी, पार्षद रीता चौधरी, विजय ओझा, रेहाना खातून, राजेश सिन्हा, विजय उपाध्याय, पूर्व पार्षद उमेश चौधरी, श्वेता इंदौरिया के अलावा कृष्ण प्रताप सिंह, पत्रकार विश्वभर नेवर, संजय हरलालका, शंकर जालान, पुरुषोत्तम मिमानी, संजय उपाध्याय, राकेश सिंह, रामचंद्र बडोपोलिया, परवेज इकबाल, इरफान अली ताज व अयूब भाई के अलावा राठी व झंवर परिवार के सदस्यों के अलावा सामाज, कारोबार, उद्योग, राजनीति, आध्यात्म और पत्रकारिता जगत से जुड़े कई नामचीन लोग उपस्थित थे।

मालूम हो कि बीते मंगलवार (2 दिसंबर) को कमल लखोटिया का स्वर्गवास हो गया था और बुधवार (3 दिसंबर) को नीमतल्ला श्मशानघाट पर समाज के सैकड़ों प्रतिष्ठित लोगों की मौजूदगी में उनकी अंत्येष्टि संपन्न हुई थी।

## सिलीगुड़ी में नशे में धुत महिला का हंगामा



**सिलीगुड़ी :** शहर की सबसे व्यस्त सड़क सेवक रोड पर शनिवार देर रात एक महिला ने नशे की हालत में अपने पुरूष मित्र की तलाश में सड़क पर हंगामा मचा दिया। वह रेस्तरां में तोड़फोड़ करने के बाद सड़क पर खड़ी कारों के कांच तोड़ने लगी। जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। महिला का हंगामा देर रात तक चली। सूचना पर पहुंचे पुरुष पुलिसकर्मियों से भी उसने बदसलूकी की। काफी देर बाद मौके पर आई महिला पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। आरोप है कि उसका पुरूष मित्र ऊपर पब से सारी घटना देखता रहा लेकिन नीचे नहीं उतरा। महिला का आरोप है कि उसका पुरूष मित्र मुझे रेस्तरां में छोड़कर कर चला गया। उसने मुझे धोखा दिया है। मुझे इंसाफ चाहिए।



योग गुरु आराधना के मार्गदर्शन में प्रतिदिन सुबह होने वाले योग और स्वास्थ्य गतिविधियों में सरोज, रजनी, विद्या, रीता, केश, नीलम, गायत्री जी, रंजीता शकुंतला बसु, ओमप्रकाश जायसवाल, पवन जायसवाल, विजय साव, जयप्रकाश जायसवाल, बजरंग लाल जायसवाल, विकास जायसवाल, नितिन गुप्ता, पप्पू साव, विकास साव लावण्या साव और नायशा जायसवाल नियमित रूप से स्वास्थ्य संबंधित क्रियाएं करती है।

## हावड़ा से चलेंगी दो स्पेशल ट्रेनें, 3100 अतिरिक्त बर्थ होंगी उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने हावड़ा स्टेशन से दो विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इनमें हावड़ा से जोधपुर के लिए एक वन-वे विशेष ट्रेन तथा हावड़ा और नई दिल्ली के बीच एक जोड़ी विशेष ट्रेन शामिल है। इन विशेष ट्रेनों के संचालन से लगभग 3100 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध होंगी। 04808 हावड़ा-जोधपुर वन-वे स्पेशल ट्रेन 09 दिसंबर को रात 23:00 बजे हावड़ा से रवाना होगी और तीसरे दिन सुबह 11:50 बजे जोधपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास, स्लीपर और एसी कोच की व्यवस्था होगी। यह ट्रेन वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल स्टेशनों पर रुकेगी। वहीं, 04462 नई दिल्ली-हावड़ा विशेष ट्रेन



07 दिसंबर को शाम 18:15 बजे नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 23:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इसी क्रम में, 04461 हावड़ा-नई दिल्ली विशेष ट्रेन 09 दिसंबर को रात 01:30 बजे हावड़ा से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 08:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इन ट्रेनों में एसी कोच की सुविधा उपलब्ध होगी एवं ट्रेनें बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर और आसनसोल स्टेशनों पर रुकेंगी।

## प्रदूषण की चादर में लिपटा खड़गपुर, अस्पताल के पास कूड़े का पहाड़-बढ़ रही गंभीर चिंता

**खड़गपुर :** खड़गपुर शहर में वायु प्रदूषण लगातार भयावह रूप ले रहा है। औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले धुएं के कारण शहर की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 के करीब पहुंच गया है, जो जन-स्वास्थ्य के लिए अत्यंत खतरनाक माना जाता है। इसी बीच खड़गपुर महकमा अस्पताल के समीप धोबीघाट इलाके में जमा हो रहे कूड़े के ढेर ने स्थिति को और चिंताजनक बना दिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस कचरे से बदबू फैल रही है, और अक्सर कूड़े में आग लग जाती है या कोई आग लगा देता है। इसके कारण उठने वाला जहरीला धुआं वातावरण को ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। लोगों का आरोप है कि इस धुएं से अस्पताल में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

अस्पताल के सुपर गौतम माइती ने कहा कि यह भयंकर प्रदूषण हमारे मरीजों के लिए हानिकारक है। इस विषय में हम कई बार रेल और नगर पालिका को अवगत करा चुके हं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि सर्दियों में यह जहरीला धुआं क्षेत्र के अधिक लोगों में श्वसन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है।

इधर, पर्यावरण प्रदूषण के मुद्दे पर खड़गपुर नगर पालिका और रेल प्रशासन के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर पालिका का लगभग 70 वर्ष पुराना कोई भी स्थायी डंपिंग ग्राउंड नहीं है, जिसके कारण परेशानी बढ़ती जा रही है।

खड़गपुर नगर पालिका की चेयरपर्सन कल्याणी घोष ने कहा कि जहां कचरा फेंका जा रहा है, वह रेल की जमीन है। कचरा रेल की ओर से ही वहां डाला जाता है। हम इस मुद्दे पर रेल विभाग को पत्र भेजेंगे।

दूसरी ओर, रेल अधिकारियों से संपर्क करने के प्रयास के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

## पूर्व रेलवे ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत पांच बच्चों को बचाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत आरपीएफ ने पांच नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बचाया। 6 दिसंबर 2025 को हावड़ा, सियालदह और आसनसोल मंडल के आरपीएफ जवानों ने बोलपुर, कोलकाता, दुमका और मधुपुर रेलवे स्टेशनों से ट्रेनों और स्टेशन परिसर में मिले पांच बच्चों को बचाया। जिसमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल है। उसके बाद सभी बच्चों को आवश्यक देखभाल, परामर्श तथा आगे के पुनर्वास के लिए संबंधित चाइल्ड हेल्पलाइन प्राधिकरण को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, बचाए गए बच्चों में तीन बच्चे बिना बताए घर से भाग गए थे, जबकि एक बच्चा गलती से गलत ट्रेन में चढ़ गया था। वहीं, एक अन्य नाबालिग बच्चा ट्रेन में बिना उद्देश्य भटकता हुआ पाया गया। पूर्व रेलवे और आरपीएफ का यह प्रयास रेलवे यात्राओं के दौरान बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बड़ाबाजार युवा कल्याण समिति ने धर्म भूषण पंडित लक्ष्मी कांत तिवारी के सम्मान में किया कंबल वितरण




**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार युवा कल्याण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में धर्म भूषण पंडित लक्ष्मी कांत तिवारी के सम्मान में कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया और सामाजिक सहयोग की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय बक्शी, वार्ड 45 के लोकप्रिय पार्षद संतोष पाठक, पार्षद विजय उपाध्याय, महेश शर्मा, बड़ा बाजार जिला अध्यक्ष भोला यादव, राजीव तिवारी और राजेश तिवारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद राय, पिंकू तिवारी, राजेश जैन, लक्ष्मण पांडेय, अंजनी दुबे, ददन सिंह, प्रेम सिंह, मंटू सिंह, बिजेंद्र वर्मा और शिबू यादव सहित कई सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन रंजीत ठाकुर ने किया।

## श्रीमद्भागवत कथा निस्वार्थ भाव से सेवा करने और परोपकार की प्रेरणा देती है

**कोलकाता :** भागवत कथा आत्मनिवेदन (समर्पण) की भक्ति की प्रेरणा देती है, जो सेवा का सर्वोच्च रूप है। भागवत कथा का उद्देश्य परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है, जो सेवा के माध्यम से सम्भव है। श्रीमद्भागवत कथा निस्वार्थ भाव से सेवा करने और परोपकार की प्रेरणा देती है, जिससे जीवन सार्थक होता है। श्रीमद्भागवत से सेवा की प्रेरणा मिलती है और हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। सत्कर्मों (अच्छे कार्यों) की ओर प्रेरित करती है, जिससे व्यक्ति सामाजिक सद्भाव, प्रेम और भाईचारे के साथ परोपकार की भावना से सेवा करता है। कलियुग में भागवत कथा का श्रवण सेवाभाव से जुड़कर और भी शक्तिशाली हो जाता है। उपरोक्त विचार श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारीलाल सोती, सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल ने भाईश्री रमेश भाई ओझा के श्रीमुख से श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल



द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहयोगी संस्थाओं, कार्यकर्ताओं के प्रति आभार, धन्यवाद ज्ञापित करते हुए व्यक्त किये। सुरेन्द्र अग्रवाल ने श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल की निरन्तर प्रगति, आधुनिकीकरण, भावी योजन-ाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से कर्तव्य निष्ठा से सेवाकार्य करने का निवेदन किया। महावीर प्रसाद अग्रवाल, गिरधारीलाल मस्करा, शंकरलाल सणखत, बिमल भिवानीवाला, महेश भुवालका, चांद रतन लखानी, दीपक बंका, मनोज पराशर, नरेन्द्र अग्रवाल, अनिल चौधरी, नरेन्द्र बागड़ी, विष्णु शर्मा, झबरू दुजारी एवम् वक्ताओं ने कहा भागवत कथा हमें सिखाती है कि जीवन कैसे जिया जाए, जिससे आत्मीय सुख, आत्मीय शुद्धि का अनुभव होता है और आध्यात्मिक विकास होता है। संचालन दीपक बंका एवम् धन्यवाद ज्ञापन जगमोहन बागला ने किया।

## शीत ऋतु में ठंडक से सुरक्षा के लिये सैकड़ों नागरिकों को कम्बल वितरित



**कोलकाता :** शाकुन्तल महिला कान्यकुब्ज समिति की ओर से शीत ऋतु में ठंडक से सुरक्षा के लिये सैकड़ों नागरिकों को कम्बल वितरित किया गया। कान्यकुब्ज सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन समाजसेवी, धर्मानुरागी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, महिला समिति की संरक्षिका शकुन्तला तिवारी के मार्गदर्शन में सेवा शिविर में नागरिकों को कम्बल के साथ मिठाई एवम् बच्चों को फ्रूटी प्रदान कर सेवाकार्य में महिला समिति की अध्यक्ष प्रभा वाजपेई, प्रेमा वाजपेई, नीतू दीक्षित, अशोक शुक्ला, अशोक तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी, गुड्डन सिंह एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। समाजसेवी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी ने परोपकार की भावना से सेवाकार्य के लिये कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

## 1 करोड़ 10 लाख की धनराशि से रिसड़ा की सड़कों का होगा नवीनीकरण



**हुगली :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जनहित योजना 'आमादेर पाड़ा आमादेर समाधान' के तहत रिसड़ा नगरपालिका के वार्ड संख्या 19 में कंक्रीट सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। इस कार्य का उद्घाटन रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने फीता काटकर किया। मिश्रा ने बताया कि इस योजना के माध्यम से नगरवासियों को मूलभूत सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और यह योजना शहर के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। आने वाले दिनों में रिसड़ा नगरपालिका के सभी वार्डों में सड़क निर्माण, निकासी व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी सहित अन्य सेवाओं को विकसित किया जाएगा। 1 करोड़ 10 लाख रुपये की धनराशि से सभी वार्डों में सड़कों की मरम्मत और नई कंक्रीट सड़कों का निर्माण किया जाएगा। यह आमादेर पाड़ा आमादेर समाधान योजना के वजह से संभव हो पायेगा।

## स्कूल बस और रैपिडो बाइक की आपस में टक्कर, एक युवक घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के ईएम बाइपास में शनिवार शाम एक सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब एक स्कूल बस और एक रैपिडो बाइक की आपस में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक के पिछली सीट पर बैठे अरिफ अली(21) घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत पास के अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही फूलबागान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना में शामिल वाहनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों चालकों से पूछताछ भी शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## मेट्रो स्टेशन पर मिला खोया बैग, आरपीएफ की सतर्कता से यात्री को लौटाया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानायक उत्तम कुमार मेट्रो स्टेशन पर एक खोया हुआ बैग आरपीएफ की सतर्कता और ईमानदारी के चलते उसके असली मालिक को वापस सौंप दिया गया। घटना 06 दिसंबर की सुबह लगभग 11 बजे की है, जब ड्यूटी पर तैनात एक महिला आरपीएफ कर्मी ने नियमित गश्त के दौरान एक लावारिस बैग देखा और उसे तुरंत स्टेशन मास्टर कार्यालय में जमा कराया। स्टेशन मास्टर द्वारा बैग की जांच में उसमें मूल्यवान वस्तुएं पाई गईं। इसके बाद स्टेशन परिसर में माइक के माध्यम से घोषणाएं की गईं और अन्य स्टेशनों को नियंत्रण संदेश भेजकर बैग के मालिक की तलाश शुरू की गई। कुछ समय बाद एक पुरुष यात्री स्टेशन मास्टर कार्यालय



पहुंचा और बैग पर अपना स्वामित्व बताया। रेलवे अधिकारियों ने आवश्यक औपचारिकताएं और सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के बाद बैग सहित उसमें मौजूद सभी सामान सुरक्षित रूप से उसे सौंप दिए। बैग वापस मिलने पर यात्री ने मेट्रो रेलवे और आरपीएफ की ईमानदारी तथा तत्परता की सराहना की और कहा कि उनकी मदद से उनका महत्व-पूर्ण सामान सुरक्षित लौटा है।




डिविजनल कमिश्नर ने रविवार को सागर ब्लॉक में गंगासागर मेला 2026 की तैयारियों की प्रगति का निरीक्षण किया। फील्ड विज़िट के बाद सभी संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ मेला कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

# बंगाल में भाजपा की इतनी क्षमता नहीं है कि वह 5 लाख लोगों को संगठित कर गीता पाठ कराए : कल्याण



**हुगली :** श्रीरामपुर स्थित गंगा दर्शन निवास स्थान पर तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। तृणमूल से निष्कासित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद शिलान्यास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि के लिए धर्म और विभाजन की राजनीति करने वाले लोग भारत की एकता, अखंडता, सौहार्द और लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं।

सामूहिक गीता पाठ के मुद्दे पर भी कल्याण बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी पांच लाख लोगों के समावेश का दावा कर रही है, जबकि यह केवल हवा-हवाई दावा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की इतनी क्षमता नहीं है कि वह इतने बड़े जनसमूह को संगठित कर सके। सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के अशिक्षित और असभ्य नेता जनता के बीच कोई स्थान नहीं बना पाएंगे, क्योंकि धर्म और विभाजन की राजनीति से सत्ता हासिल नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, लेकिन अफसोस है कि आज लोकतंत्र के भीतर धर्म आधारित गंदी राजनीति फैलाने की कोशिशें हो रही हैं। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहां विभाजनकारी राजनीति को कोई स्थान नहीं मिलेगा। अंत में उन्होंने कहा कि जो नेता धर्म और विभाजन की राजनीति कर जनता को बाँटने का काम करते हैं, वे लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा हैं।

**❑ कल्याण बनर्जी ने 32,000 शिक्षकों की नौकरियां बचाने वाले हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत किया**

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती 'घोटाला' मामले में 32,000 प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने वाले न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय के एकल पीठ के फैसले को खारिज करने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ के आदेश का स्वागत किया। इस फैसले से हजारों शिक्षकों को बड़ी राहत मिली है।

कल्याण बनर्जी ने कहा कि उच्च न्यायालय में भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा, कलकत्ता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने कहा है कि न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के आदेश का कोई आधार नहीं था। कोई भ्रष्टाचार साबित नहीं हुआ है। उनका आदेश न्यायसंगत नहीं था। खंडपीठ के निर्णय से 32,000 शिक्षकों को रोजगार बच गया है। सांसद ने न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय, जो अब भाजपा सांसद हैं, पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका फैसला पूरी तरह राजनीतिक कदम था। उन्होंने कहा, जस्टिस गंगोपाध्याय ने राजनीतिक मकसद से फैसला दिया। 32,000 शिक्षकों को बर्खास्त करने के उस आदेश की वजह से ही उन्हें भाजपा का टिकट मिला। उन्होंने सीधे-सीधे राजनीति की और अब भाजपा सांसद बन गए हैं। खंडपीठ ने स्पष्ट कहा कि जो शिक्षक निर्दोष हैं और भ्रष्टाचार में शामिल नहीं हैं, उन्हें अधिकारियों और नियामकों की गलतियों की सजा नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि एसएससी (स्कूल सर्विस कमीशन) भर्ती मामले में ओएमआर शीट मौजूद थी, इसलिए वहां भ्रष्टाचार के प्रमाण मिले, लेकिन प्राथमिक शिक्षक भर्ती के मामले में ओएमआर शीट ही नहीं थी। इसी कारण अदालत ने एसएससी मामले में अनियमितता और भ्रष्टाचार की बात कही, लेकिन प्राथमिक भर्ती में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं मिला।

## बऊबाजार में पुराने घर का छज्जा गिरा, एक व्यक्ति घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बऊबाजार इलाके में रविवार दोपहर एक पुराने घर का हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना मदन दत्ता लेन स्थित एक बहुमंजिला पुराने इमारत में हुई, जहां करीब 15 परिवार रहते हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद नैना बंद्योपाध्याय घटनास्थल पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही राहत और मरम्मत कार्य के लिए आपदा प्रबंधन दल और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को घेराबंद किया और सुरक्षा संबंधित कार्य शुरू कर दिए। जानकारी के अनुसार, कुछ महीने पहले इस इलाके के कई परिवार इमारत की स्थिति को लेकर अस्थायी रूप से विस्थापित हुए थे, हालांकि बाद में संरचनात्मक निरीक्षण के बाद वे वापस घरों में लौट आए थे। फिलहाल प्रशासन ने उस हिस्से को खाली करा दिया है और इमारत की तकनीकी जांच चल रही है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी ताकि क्षेत्र के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है और उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

## घर से बुलाकर अन्यत्र युवक की हत्या का आरोप



**कोलकाता :** बसीरहाट में एक बार फिर हत्या की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। शनिवार देर रात एक युवक को घर से बुलाकर दूसरी जगह ले जाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। गांव के सुनसान इलाके की झाड़ियों से युवक का रक्त रंजित शव बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हत्या का कारण अभी भी रहस्य बना हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत युवक की पहचान 28 वर्षीय असादुल गाजी के रूप में हुई है। वह बसीरहाट थाना क्षेत्र के निमदाड़िया-कोदालिया ग्राम पंचायत के फतुरआटी इलाके का रहने वाला था। वह मध्यमग्राम के एक आवास में हाउसकीपिंग का काम करता था और हाल ही में छुट्टी पर घर आया था। आरोप है कि शनिवार देर रात आमिर हुसैन मंडल नामक एक युवक असादुल को उसके घर से बुलाकर ले गया। उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाद में इलाके की झाड़ियों से शव बरामद किया गया। रविवार को शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस ने जांच के बाद आरोपित आमिर हुसैन मंडल और रज्जाक गाजी को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपित आमिर मंडल के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें हो चुकी हैं।

## श्रीरामपुर कारावास से फरार हुआ कैदी




**हुगली :** जिले के श्रीरामपुर सुधारगृह से एक विचाराधीन बंदी के लापता होने से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरार कैदी का नाम राजेश हाटी है। वह पॉक्सो मामले में आरोपी है। पिछले वर्ष जून महीने से वह श्रीरामपुर सुधारगृह में रह रहा था। लापता होने की बात पता चलती है। उसकी तलाश में पहले ही लुकआउट नोटिस जारी कर दिया गया है। जेल प्रशासन पर जेल की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आखिर कैदी फरार कैसे हुआ। क्या वह फरार हो गया? अगर हाँ, तो वह किस तरह सुधारगृह की सुरक्षा चक्रव्यूह को भेदकर भाग निकला। क्या सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी थी। ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं।

फरार कैदी राजेश हाटी श्रीरामपुर के पियारा पुर षष्ठीतला का निवासी है। उसके खिलाफ रिसड़ा और मोगरा थाने में शिकायत दर्ज थी। पॉक्सो मामले में भी वह अभियुक्त है। सुधारगृह में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। फुटेज पुलिस को सौंप दिया गया है। इतने कड़े सुरक्षा घेरे को पार कर वह किस तरह गायब हो गया इस पर कई प्रश्न खड़े हो रहे हैं। इस मामले में जेल प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

श्रीरामपुर के एसडीओ शंभुदीप सरकार ने बताया कि बंदी के लापता होने की जानकारी मिलते ही सुधारगृह प्रशासन को थाने में एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। किस तरह कैदी फरार हुआ, इसकी जांच की जा रही है।

## चलती -फिरती स्वास्थ्य सेवा को लेकर तृणमूल में गुटबाजी का आरोप, परेशान स्थानीय निवासी




**हुगली :** उद्घाटन पहले ही हो चुका है। लेकिन अब उस चलती-फिरती स्वास्थ्य सेवा को लेकर ही तृणमूल कांग्रेस में गुटबाजी का आरोप लगा है। घटना तारकेश्वर के नैटा मालपाहाड़ ग्राम पंचायत क्षेत्र की है।

तृणमूल के ही उप-प्रधान का आरोप है कि जिस जगह पर सेवा देनी थी, पार्टी के नेताओं के इशारे पर रातोंरात उसे बदल दिया गया। इतना ही नहीं, यह खबर इलाके के सभी लोगों तक पहुंची भी नहीं। नतीजतन, अंत में स्थानीय निवासी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

रविवार सुबह चलती-फिरती चिकित्सा सेवा का कैंप नैटा ग्राम पंचायत के पास एक स्कूल के सामने होना था। बीडीओ कार्यालय से पहले ही पंचायत को सूचित कर दिया गया था। इसके बाद पंचायत की ओर से इलाके में प्रचार भी किया गया। सुबह कई लोग सेवा लेने के लिए उस इलाके में पहुंचे। पता चला कि स्वास्थ्य विभाग के किसी लिखित निर्देश के बिना ही जहां पहले कैंप होना था, वहां से करीब चार किलोमीटर दूर कैंप लगाया जा रहा है।

इस घटना को लेकर इलाके में राजनीतिक तनातनी शुरू हो गई है। तृणमूल में गुटबाजी सामने आई है।

स्थानीय तृणमूल संचालित पंचायत के उप-प्रधान शेख मनीरुल स्थानीय नेतृत्व के खिलाफ उंगली उठा रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी के नेताओं ने ही पंचायत को नीचा दिखाने के लिए यह घटना को अंजाम दिया है। लोग सेवा से वंचित हो रहे हैं। नेता ही बार-बार पंचायत को दबाव में डालने की कोशिश कर रहे हैं।

उनकी इस टिप्पणी को लेकर बहस शुरू हो गई है। हालांकि, गुटबाजी के सिद्धांत को तृणमूल के तारकेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह राय ने खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि कोई विवाद नहीं है। चलती-फिरती स्वास्थ्य सेवा की जगह स्वास्थ्य विभाग तय करता है। उस इलाके में एक व्यक्ति की मृत्यु के कारण स्थान बदला गया।

इधर, विपक्षी पार्टी भी कटाक्ष करने से नहीं चूक रहे हैं। भाजपा के आरामबाग संगठनात्मक जिले के सह-अध्यक्ष का सवाल है, अपना विवाद खुद सुलझाएं। लोगों को परेशान क्यों किया जा रहा है?

दूसरी ओर, स्थान परिवर्तन के बारे में तारकेश्वर ग्रामीण अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शेख हनीफ कह रहे हैं कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ही उन्होंने सेवा प्रदान की है। इससे अधिक कुछ कहना संभव नहीं है।

## साइकिल चलाकर गीता पाठ करने कोलकाता पहुंचे हुगली के सात सनातनी युवा



**हुगली :** जिले के वैद्यबाटी से सात सनातनी युवकों ने साइकिल पर सवार होकर गीता पाठ करने रविवार को कोलकाता के ब्रिगेड मैदान पहुंचे जहां पांच लाख से अधिक लोगों ने सामूहिक गीता पाठ किया। रास्ते में इन युवाओं ने सभी को ब्रिगेड मैदान में होने वाले इस विशाल धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। कोलकाता पहुंचने के रास्ते में इन्होंने युवक सड़कों पर गीता का वितरण भी किया, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पवित्र ग्रंथ से जुड़ सकें। वैद्यबाटी से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए ये सनातनी योद्धा साइकिल चलाकर दुनिया के सबसे बड़े धर्म सम्मेलन में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त किया। इन युवाओं की इस पहल के माध्यम से न केवल धार्मिक चेतना का प्रसार हुआ, बल्कि यह युवा पीढ़ी के बीच सनातन संस्कृति के प्रति बढ़ते लगाव को भी दर्शाता है।

# व्यापार

## सोने की चमक बरकरार, इस साल अबतक दिया लगभग 67 प्रतिशत रिटर्न




**नयी दिल्ली :** सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में सोने की चमक बरकरार है और इस साल घरेलू बाजार में इसने अबतक लगभग 67 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये-डॉलर की दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो 2026 में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 16 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम और चढ़ सकती हैं। उनका यह भी कहना है कि चूंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं, इसलिए अनुशासित और सोच-विचार कर निवेश करना जरूरी है। दिल्ली सर्राफा संघ के आंकड़ों अनुसार, इस साल एक जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थी जो बीते शुक्रवार पांच दिसंबर को 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''चालू वर्ष में सोने ने असाधारण रूप से मजबूत रिटर्न दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें इस साल अब तक लगभग 60 प्रतिशत (लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) तक चढ़ चुकी हैं। इसका मुख्य कारण सुरक्षित निवेश की मांग, भू-राजनीतिक तनाव और दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर घटाने की उम्मीद है। वहीं भारत में रिटर्न इससे भी ज्यादा है। घरेलू बाजार में सोने की कीमत इस साल अब तक करीब 67 प्रतिशत चढ़ चुकी है। इसका अन्य कारण डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना और मजबूत वैश्विक संकेत है।'' उन्होंने कहा, ''कुल मिलाकर, 2025 में सोने ने अधिकांश निवेश उत्पादों (इक्विटी शेयर और बॉन्ड) की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है और साबित किया है कि अनिश्चितता और अस्थिर समय में यह सबसे भरोसेमंद साधन है।'' अगर इक्विटी शेयर पर रिटर्न देखा जाए तो निफ्टी 50 टीआरआई (कुल रिटर्न सूचकांक) और निफ्टी 500 टीआरआई ने तीन दिसंबर तक क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं 10 साल के सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल दिसंबर 2025 की शुरुआत में लगभग 6.53 प्रतिशत रहा।

## विजय दिवस समारोह में शामिल होगा बांग्लादेश का 20 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल : सेना अधिकारी

**❑ प्रतिनिधिमंडल कोलकाता में पूर्वी सेना कमान के वार्षिक कार्यक्रम का हिस्सा बनेगा**

**❑ विजय दिवस पर सेना की ओर से कई औपचारिक कार्यक्रम आयोजित**




**विजय दिवस समारोह को लेकर रविवार को पूर्वी कमान मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान मेज़र जनरल वांगुरु रघु।**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय सेना के 54वें विजय दिवस समारोह की तैयारियों के बीच बांग्लादेश इस वर्ष भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। कोलकाता में 15-16 दिसंबर को सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले वार्षिक विजय दिवस समारोह में बांग्लादेश का 20 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेंगे। यह जानकारी रविवार को पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मेजर जनरल जनरल स्टाफ (एमजीजीएस), पूर्वी कमान मेजर जनरल वांगुरु रघु ने साझा की।

1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान पर मिली ऐतिहासिक जीत और बांग्लादेश की आजादी की याद में हर साल 16 दिसंबर को भारतीय सेना विजय दिवस के रूप में मनाती है। कोलकाता में पूर्वी कमान द्वारा होने वाले समारोह में हर साल बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेता रहा है और यह परंपरा दशकों से चली आ रही है।

मेजर जनरल ने बताया कि बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल 14 दिसंबर को कोलकाता पहुंचेगा और 15-16 दिसंबर को विजय दिवस समारोह में हिस्सा लेगा। इसमें आठ मुक्ति योद्धा शामिल होंगे जिन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों के साथ मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी, और बांग्लादेश के दो सेवारत सैन्य अधिकारी भी होंगे। प्रतिनिधिमंडल में बाकी परिवार के सदस्य होंगे, जो मुख्य रूप से उनके जीवनसाथी।

यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार भारत पर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को प्रत्यर्पित करने का दबाव बना रही है। पिछले महीने ढाका स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई थी। उन पर जुलाई 2024 में उग्र विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई सामूहिक हत्याओं के मामले में मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी पाए जाने का आरोप है, जो उस समय उनके सत्ता में रहने के दौरान हुए थे।

बांग्लादेश में पिछले वर्ष अगस्त में हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद यह दूसरा अवसर है, जब पड़ोसी देश का प्रतिनिधिमंडल इस महत्वपूर्ण आयोजन में भारत आ रहा है। मेजर जनरल रघु ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध बेहद मजबूत रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हाल के वर्षों में दोनों देशों की सेनाओं ने कई संयुक्त सैन्य अभ्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए आपसी सहयोग और विश्वास को और सुदृढ़ किया है।

**❑ विजय दिवस पर कोलकाता में कई कार्यक्रमों की तैयारी**

मेजर जनरल रघु ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी विजय दिवस के अवसर पर पूर्वी कमान कोलकाता में विविध कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। यह आयोजन 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध भारतीय सेनाओं की ऐतिहासिक जीत और उसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश के अस्तित्व में आने की याद को समर्पित है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत 15 दिसंबर को आरसीटीसी मैदान में आयोजित होने वाले भव्य मिलिट्री टैटू शो से होगी, जिसमें सेना के जवान अलग-अलग रोचक और रोमांचक प्रदर्शन करेंगे। वहीं, 16 दिसंबर की सुबह विजय स्मारक पर आयोजित पुष्पांजलि समारोह में 1971 युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस मौके पर बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस भी मौजूद रहेंगे।

समारोह में वर्ष 1971 के युद्ध में शामिल रहे सैन्य दिग्गज भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मेजर जनरल रघु ने कहा कि ये आयोजन सिर्फ विजय का उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, बलिदान और अदम्य जज़्बे को सम्मान देने का अवसर है। उनके अनुसार, 1971 की जीत भारत की सैन्य शक्ति के साथ-साथ दृढ़ निश्चय और अनुकरणीय साहस का प्रतीक थी।

## यूरोपीय संघ का प्रतिनिधिमंडल एफटीए के मुद्दे पर सोमवार को गोयल से मिलेगा



**नयी दिल्ली :** भारत आए यूरोपीय संघ (ईयू) का प्रतिनिधि मंडल सोमवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हुई वार्ता की प्रगति पर चर्चा करेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों पक्ष यथाशीघ्र वार्ता को मुकाम पर पहुंचाने के इच्छुक हैं। यूरोपीय संघ व्यापार महानिदेशालय की महानिदेशक सबाइन वेयंड के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल वस्तुओं और सेवाओं से संबंधित मुद्दों पर मतभेदों को दूर करने के लिए यहां आया है। दोनों पक्षों ने वार्ता को साल के अंत तक नतीजे पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अधिकारी ने बताया, ''यूरोपीय संघ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री मिलेगा।'' उन्होंने बताया कि इस्पात, कार्बन कर, वाहन और गैर-शुल्क अवरोध जैसे कुछ मुद्दों पर अब भी मतभेद बने हुए हैं जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। जून 2022 में भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) समूह ने आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद व्यापक मुक्त व्यापार समझौता, निवेश सुरक्षा समझौता और भौगोलिक संकेतों (जीआई टैग)पर समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की। यह वार्ता 2013 में विभिन्न वस्तुओं के लिए एक दूसरे के बाजारों को खोलने को लेकर उत्पन्न गतिरोध के कारण रुक गई थी।

## यूआईडीएआई आधार-आधारित सत्यापन चाहने वाली संस्थाओं के पंजीकरण को अनिवार्य करने वाला नया नियम लाएगी

**नयी दिल्ली :** होटल, 'इवेंट ऑर्गेनाइजर' आदि संस्थाओं द्वारा ग्राहकों के आधार कार्ड की फोटोकॉपी लेकर उसे कागजी रूप में रखने की प्रथा को रोकने के लिए जल्द ही नया नियम जारी किया जाएगा। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह प्रथा वर्तमान आधार अधिनियम का उल्लंघन है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भुवनेश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि प्राधिकरण ने एक नया नियम मंजूर किया है, जिसके तहत होटल, 'इवेंट ऑर्गेनाइजर' आदि संस्थाओं को आधार-आधारित सत्यापन के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि पंजीकृत संस्थाओं को नई प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे क्यूआर कोड स्कैन करके या आधार के नए ऐप के माध्यम से सत्यापित कर सकेंगी। कुमार ने कहा, इस नियम को बहुत जल्द अधिसूचित किया जाएगा। इसका उद्देश्य कागजी आधार सत्यापन को पूरी तरह रोकना है। ऑफलाइन सत्यापन करने वाली संस्थाओं को एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके जरिए वे अपने सिस्टम को आधार सत्यापन के लिए अपडेट कर सकेंगी। यूआईडीएआई एक नए ऐप का बीटा-परीक्षण कर रहा है, जो प्रत्येक आधार सत्यापन के लिए केंद्रीय डेटाबेस से जुड़े बिना सीधे ऐप से ऐप तक पहचान की जांच करने की सुविधा देगा। बीटा-परीक्षण एक ऐसा परीक्षण होता है जिसमें किसी नये सॉफ्टवेयर, ऐप या तकनीक का सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए पूरी तरह से पेश करने से पहले सीमित लोगों के बीच इस्तेमाल किया जाता है। इसका उद्देश्य यह देखना होता है कि ऐप या सॉफ्टवेयर वास्तविक परिस्थितियों में सही काम कर रहा है या नहीं और इसमें कोई त्रुटि तो नहीं है। नये ऐप का इस्तेमाल हवाई अड्डों, उम्र-प्रतिबंधित उत्पाद बेचने वाली दुकानों आदि जगहों पर भी किया जा सकेगा। कुमार ने कहा, सत्यापन में यह सुगमता ऑफलाइन सत्यापन को कागज-रहित बनाएगी, साथ ही उपभोक्ताओं की गोपनीयता पूरी तरह सुरक्षित रहेगी और आधार की जानकारी के लीक होकर दुरुपयोग होने का कोई जोखिम नहीं रहेगा। नया ऐप आधार प्रमाणीकरण सेवा को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम के पूरी तरह अनुरूप बनाएगा, जो अगले 18 महीनों में पूर्ण रूप से लागू हो जाएगा।

## आवास ऋण नौ लाख करोड़ रुपये के पार, ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहने की उम्मीद : एसबीआई

**नयी दिल्ली :** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो पिछले महीने नौ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है और उन्हें भरोसा है कि खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्र में जारी तेजी से चालू वित्त वर्ष में कुल ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहेगी। आरएएम खंड सितंबर में ही 25 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुका है। आर्थिक वृद्धि में सुधार को देखते हुए एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए ऋण वृद्धि लक्ष्य को पहले के 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। 'पीटीआई-भाषा' से साक्षात्कार में शेट्टी ने कहा, हमने ऋण वृद्धि के अनुमान को बढ़ाया है। अब यह 12 प्रतिशत से 14 प्रतिशत है। हमें मजबूत ऋण वृद्धि दिख रही है, खासकर आरएएम खंड में। एमएसएमई क्षेत्र में 17-18 प्रतिशत और कृषि तथा खुदरा में करीब 14 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण ऋण में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है, जबकि असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण में दो अंकों की वृद्धि होगी। कुछ समय से सुस्त चल रहा कॉर्पोरेट ऋण खंड भी दूसरी तिमाही में पुनः गति पकड़ता दिखा और 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। शेट्टी ने कहा, कॉर्पोरेट ऋण के लिए हमारा अनुमान निचले दो अंकों में है। इस तरह कुल मिलाकर 12-14 प्रतिशत ऋण वृद्धि हासिल करना पूरी तरह संभव है।

## 'इंडिगो' संकट का असर राजस्थान के पर्यटन पर भी, लोगों ने बुकिंग रद्द करवाई

**जयपुर :** निजी विमानन कंपनी 'इंडिगो' की उड़ानों को लेकर उपजे संकट का असर राजस्थान के पर्यटन सीजन पर भी पड़ा है। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों ने रविवार को कहा कि इस संकट के कारण पर्यटकों की आवक घटी है और कई जगह होटल तथा यात्रा परिचालक प्रभावित हैं। उल्लेखनीय है कि दिसंबर के महीने को राजस्थान में पर्यटकों के लिहाज से सबसे व्यस्त समय में से एक माना जाता है। सर्दियों का यह पर्यटन सीजन आमतौर पर दिसंबर में अपने चरम पर पहुंचता है। निजी विमानन कंपनी 'इंडिगो' के ताजा संकट की वजह से देश भर में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द हुई हैं या उनमें देरी हुई है। जयपुर के टूर ऑपरेटर संजय कौशिक ने कहा कि राजस्थान में 'व्यस्त सीजन' 10 दिसंबर से पांच जनवरी तक होता है। इसमें क्रिसमस और नववर्ष के जश्न जैसे मौके आते हैं तथा मौजूदा 'इंडिगो' संकट ने इसे बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, ''नुकसान सिर्फ उन लोगों को नहीं हुआ है, जिनकी उड़ानें रद्द हुईं। इससे भी बड़ा झटका यह है कि जिन पर्यटकों ने क्रिसमस और नववर्ष के लिए यात्राएं बुक की थीं वे उसे रद्द कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, लोगों में संशय है और वे परेशान हैं कि अगर यह मौजूदा संकट जारी रहा तो उनकी बुकिंग बेकार हो जाएगी। इसलिए नई बुकिंग बंद हो गई हैं जबकि पहले की बुकिंग रद्द हो रही हैं। 'व्यस्त सीजन' में ऐसा होने का मतलब है कि पूरे उद्योग को बड़ा झटका लगेगा।

## दिसंबर के पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने 11,820 करोड़ रुपये निकाले



**नयी दिल्ली :** इस महीने के पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से 11,820 करोड़ रुपये निकाले। इसका मुख्य कारण रुपये का तेज अवमूल्यन है। नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी के बाद ये तेज बिकवाली हुई है और इससे बाजार पर दबाव बढ़ा है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में 14,610 करोड़ रुपये की लिवाली की थी, जिससे तीन महीने की भारी बिकवाली का सिलसिला टूटा। सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले गए थे। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार इस महीने के पहले हफ्ते में एफपीआई ने इक्विटी से 11,820 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। इससे 2025 में कुल निकासी 1.55 लाख करोड़ रुपये हो गई। विश्लेषकों के अनुसार ताजा बिकवाली का मुख्य कारण मुद्रा संबंधी चिंताएं हैं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि इस साल रुपया करीब पांच प्रतिशत कमजोर हुआ है, जिस वजह से एफपीआई बिकवाली कर रहे हैं। हालांकि एफपीआई की निकासी के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की मजबूत खरीदारी से बाजार को सहारा मिला। इसी अवधि में डीआईआई ने 19,783 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने के आरोप में स्टाफ नर्स के खिलाफ मामला दर्ज

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल करने के आरोप में रसड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक स्टाफ नर्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। रसड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. मनीष जायसवाल की शिकायत पर नर्स कुमुदलता राय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक मऊ जिले के अमरहट गांव की रहने वाली कुमुदलता राय ने अलग-अलग वर्षों में भिन्न-भिन्न जन्मतिथि प्रदर्शित कर परीक्षा उत्तीर्ण की और तथ्यों को छिपाकर नौकरी प्राप्त की है। वह करीब 10 साल से नौकरी कर रही थी। रसड़ा थाना प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि नर्स के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

### ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो किशोरों की मौत

**मऊ (उप्र):** मऊ जिले के हलधरपुर क्षेत्र में ट्रक से आगे निकलने की कोशिश के दौरान उसकी चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो किशोरों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि हलधरपुर थाना क्षेत्र के मेवड़ी इलाके में शनिवार की रात करीब 12 बजे मोटरसाइकिल चालक आगे जा रहे ट्रक को 'ओवरटेक' करने की कोशिश की, तभी उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और उसकी गाड़ी गिर गयी। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक जमीन पर गिर गये और ट्रक का पिछला पहिया उन पर चढ़ गया। इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान आदर्श गुप्ता (17) और उसके दोस्त राजेश गुप्ता (18) के रूप में हुई है। दोनों मेवाड़ी गांव के रहने वाले थे और वे जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे।

### बिहार: पटना के एक थाने में एसएचओ की मौत

**पटना:** बिहार के पटना में एक थाना प्रभारी की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रामकृष्ण नगर थाना के प्रभारी (एसएचओ) संजीव कुमार शनिवार रात क्षेत्र में गश्त के बाद थाना लौटे और अचानक गिर पड़े। एक अधिकारी ने कहा, थाना प्रभारी को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुमार मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले थे और 2009 बैच के अधिकारी थे। उन्होंने बताया कि मौत के कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। रविवार को उनके पार्थिव शरीर को न्यू पुलिस लाइन ले जाया गया, जहां पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा की मौजूदगी में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके मुजफ्फरपुर स्थित आवास भेजा गया।

### वृंदावन मंदिर में 'चमत्कार' के बाद यूपी की महिला ने भगवान कृष्ण से 'विवाह' किया

**बदायूं (उप्र):** वृंदावन के एक मंदिर में 28 वर्षीय महिला की हथेली में 'चमत्कारिक रूप से' सोने की अंगूठी गिरने के बाद उसने भगवान कृष्ण की मूर्ति से यहां विवाह कर लिया। उसके पिता ने यह दावा किया। यह चमत्कार लगभग तीन महीने पहले बांके बिहारी मंदिर में हुआ। चंदौसी के एक कॉलेज से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर पिंकी शर्मा एक अत्यंत धार्मिक किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता सुरेश चंद्र शर्मा ने बताया कि उनका परिवार कम से कम चार वर्षों से वृंदावन जा रहा है और घर पर प्रतिदिन पूजा-अर्चना करता है। उन्होंने कहा, हम हमेशा पिंकी के लिए एक योग्य वर की कामना करते थे, जो स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश में थी, लेकिन... उसने कहा कि उसका विवाह तभी होगा जब कृष्ण चाहेंगे। सुरेश चंद्र के अनुसार, यह इच्छा परिवार की हाल में वृंदावन यात्रा के दौरान पूरी हुई। उन्होंने दावा किया, पिंकी बांके बिहारी के सामने अपनी हथेलियां खोले खड़ी थी, तभी प्रसाद के साथ एक अंगूठी उसके हाथ में आ गिरी। उसने इसे एक दिव्य संकेत के रूप में लिया कि कृष्ण ने उसे चुना है। पिंकी के लिए यह हस्तक्षेप ही काफ़ी था कि उसने अपने माता-पिता से उसके लिए वर ढूंढना बंद करने को कहा।

## बिहार सरकार आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए 100 फास्ट-ट्रैक अदालतें गठित करेगी: गृह मंत्री



**पटना:** बिहार सरकार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को राज्य में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 100 फास्ट-ट्रैक अदालतें स्थापित करने की घोषणा की। चौधरी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य नियमित अदालतों पर बोझ कम करना है ताकि वे संवेदनशील मामलों पर उचित ध्यान दे सकें। मंत्री ने कहा कि यह निर्णय इस बात को ध्यान में रखते हुए लिया गया कि राज्य की विभिन्न अदालतों में 18 लाख से ज्यादा मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि फास्ट-ट्रैक अदालतों के गठन से न्यायिक व्यवस्था और वादियों को 'बड़ी राहत' मिलेगी। गृह मंत्री ने एक बयान में कहा, 38 जिलों और उप-मंडलों में 100 फास्ट ट्रैक अदालतों को शुरू करने के लिए सरकार बड़े पैमाने पर भर्तियां करेगी। उन्होंने कहा कि बेंच क्लर्क, ऑफिस क्लर्क, स्टेनोग्राफर, डिपोजिशन राइटर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, चालक, प्रोसेस सर्वर और चपरासी सहित कुल 900 पद भरे जाएंगे। चौधरी ने शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए 79 अदालतों को 'अधिनियम अदालत' के रूप में नामित किये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ऐसे गंभीर मामलों के शीघ्र समाधान से राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी। मंत्री ने कहा कि अकेले पटना में आठ जबकि गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा व भागलपुर में चार-चार, नालंदा (बिहारशरीफ), रोहतास (सासाराम), सारण (छपरा), बेगुसराय, वैशाली (हाजीपुर), पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), समस्तीपुर और मधुबनी में तीन-तीन फास्ट-ट्रैक अदालतों की योजना बनाई गई है। इसी तरह पश्चिम चंपारण (बेतिया), सहरसा, पूर्णिया, मुंगेर, नवादा, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, कैमूर (भभुआ), बक्सर, भोजपुर (आरा), सीतामढी, शिवहर, सीवान, गोपालगंज, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका, जमुई, शेखपुरा, लखीसराय और खगड़िया में दो-दो अदालतें स्थापित की जाएंगी।

### झारखंड के कुछ हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप, आठ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे

**रांची:** झारखंड के कुछ हिस्से शीतलहर की चपेट में हैं और राज्य के आठ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। रांची मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, बोकारो, देवघर, कोडरमा, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा और रांची इन आठ जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। आईएमडी मौसम बुलेटिन के अनुसार, गुमला में राज्य में सबसे कम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि खूंटी में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## न्यूज अपडेट

### बिहार के मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिक कल्याण कोष में योगदान दिया



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के पूर्व सैनिक कल्याण कोष में रविवार को योगदान दिया और लोगों से भी उदारतापूर्वक ऐसा करने की अपील की। उन्होंने सशस्त्र बल झंडा दिवस के अवसर पर पटना में यह योगदान दिया और शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर जारी एक बयान में कहा गया है कि सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास 1, अणे मार्ग पर मुलाकात की और उन्हें सशस्त्र बल के झंडा वाला बैज लगाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों से कोष में उदारतापूर्वक दान करने की अपील की और कहा कि ऐसे योगदान हमारे वीर सैनिकों के प्रति आभार का प्रतीक होते हैं।

### एनडीआरएफ ने धनबाद में जहरीली गैस रिसाव का आकलन शुरू किया

**धनबाद :** भूमिगत कोयला खदानों से जहरीली गैस के रिसाव को लेकर स्थानीय लोगों के विरोध के बीच रांची से राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम रविवार को स्थिति का आकलन करने धनबाद पहुंची। टीम ने केंदुआडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की पुटकी-बालिहारी कोलियरी इलाके में स्थित राजपूत बस्ती का दौरा किया, जो जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर है। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद एनडीआरएफ कर्मियों ने वहां मौजूद पत्रकारों के साथ किसी तरह की जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया। केंदुआडीह के थाना प्रभारी प्रबोध पांडे ने कहा, टीम गैस रिसाव के स्तर, उत्सर्जित होने वाली गैस के प्रकार और इसे कम करने के तरीकों का आकलन कर रही है।

### विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी राजस्थान के डॉक्टर से 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार

**मुंबई :** उदयपुर पुलिस ने राजस्थान में दर्ज 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में रविवार को फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विक्रम, उनकी पत्नी श्वेतांबरी और छह अन्य पर 'इंदिरा ग्रुप ऑफ कंपनीज' के संस्थापक और उदयपुर निवासी डॉ. अजय मुर्डिया से 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी के मुताबिक, मामले की जांच कर रही उदयपुर पुलिस की एक टीम ने रविवार को विक्रम और श्वेतांबरी को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया, ''इंदिरा आईवीएफ अस्पताल के मालिक मुर्डिया अपनी दिवंगत पत्नी पर बायोपिक बनाना चाहते थे। मुर्डिया ने आरोप लगाया है कि उनसे 200 करोड़ रुपये की कमाई का वादा किया गया था, लेकिन किसी तरह का काम नहीं किया गया। इसके बाद मुर्डिया ने उदयपुर के भोपालपुरा पुलिस थाने का रुख किया, जहां धोखाधड़ी और अन्य अपराधों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। बाद में शाम को उदयपुर पुलिस ने विक्रम और उनकी पत्नी की नौ दिसंबर तक ट्रांजिट रिमांड हासिल कर ली। दंपति के वकीलों राकेश सिंह और संजय सिंह ने दावा किया कि राजस्थान पुलिस ने बिना उचित अनुमति के दोनों को मनमाने तरीके से गिरफ्तार किया है। उन्होंने दावा किया कि दंपति को धमकाया गया और बिना तारीख व समय वाले दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया।

## वाराणसी में बांग्लादेशियों और रोहिंग्या लोगों के सत्यापन के लिये चलाया गया अभियान



**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पुलिस ने बांग्लादेशी, रोहिंग्या और अन्य संदिग्ध घुसपैठियों के सत्यापन के लिए सात दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त गौरव बंसवाल ने बताया कि वाराणसी में बांग्लादेशियों और रोहिंग्या लोगों के सत्यापन के लिए सात दिवसीय अभियान चला कर झुग्गी झोपडीयों में रहने वाले व्यक्तियों और फेरी लगाने वालों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सत्यापन के जरिये ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जा रही है जो अवैध रूप से निवास कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि ऐसे सभी व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर एवं प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बंसवाल ने बताया कि इस अभियान के क्रम में गोमती जोन के पुलिस उपायुक्त आकाश पटेल के निर्देशन में सभी थाना प्रभारियों द्वारा विशेष टीमों का गठन कर अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि शनिवार को गोमती जोन के अपर पुलिस उपायुक्त वैभव बांगर के नेतृत्व में बड़ागांव थानाक्षेत्र के कोईराजपुर में झुग्गी-झोपड़ी में विशेष जांच अभियान चलाया गया। अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों, फेरी लगाने वालों एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच, पहचान सत्यापन एवं पृष्ठभूमि की जांच की गई। बंसवाल ने बताया कि जांच के दौरान प्रत्येक व्यक्ति का फोटो सहित पूरा विवरण निर्धारित फॉर्म में दर्ज कराया गया उन्होंने बताया कि सत्यापन के बाद ऐसे व्यक्तियों की पहचान की जा रही है जो अवैध रूप से निवास कर रहे हैं।

## बाबर के नाम पर बनी हर मस्जिद का विरोध होगा: उपमुख्यमंत्री मौर्य



झांसी (उप्र), सात दिसंबर (भाषा) उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को चेतावनी दी कि मुगल बादशाह बाबर के नाम पर किए गए किसी भी निर्माण का कड़ा विरोध किया जाएगा। मौर्य की यह प्रतिक्रिया तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद की आधारशिला रखे जाने के बाद आई है। उन्होंने कहा कि मस्जिद बनाने का कोई विरोध नहीं है मगर बाबर के नाम पर कोई मस्जिद बनाएगा तो उसका विरोध होगा। प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। यहां एक समीक्षा बैठक में शामिल होने आए मौर्य ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, बिहार में हुई करारी हार के बाद सपा प्रमुख का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और वह मुंगेरीलाल जैसे सपने देखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें कुछ सीट मिल गई थी, लेकिन अब आने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं रहेगी। मौर्य ने कहा, समाजवादी पार्टी का भविष्य तो अभी से अंधकारमय दिखाई दे रहा है क्योंकि बिहार चुनाव परिणाम आने के बाद 'लाल टोपी' और जालीदार टोपियां उत्तर प्रदेश से गायब हो गई हैं और अब सपा का तो सूर्यास्त होने वाला है।

## झारखंड: जमशेदपुर में घर से आभूषण लूटने के आरोप में चार गिरफ्तार



**जमशेदपुर:** झारखंड के जमशेदपुर शहर में एक घर से 16 लाख रुपये के आभूषण लूटने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित महेश गौड़ ने एक दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज किए जाने के बाद शनिवार को गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने बताया कि गौड़ के घर में चोरी उस समय हुई जब परिवार 29 दिसंबर की रात को एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। उन्होंने बताया कि चोरों ने घर से करीब 16 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया और कुछ आभूषण बरामद किए।

## पंजाब में सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़: डीजीपी



**चंडीगढ़:** पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने पाकिस्तान से जुड़े सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से पांच पिस्तौल बरामद की गई हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी अपने वांछित सहयोगी सैफली सिंह के साथ मिलकर पाकिस्तान स्थित एक आका के निर्देश पर हथियारों की खेप प्राप्त कर रहा था और पंजाब में अपराधियों और गैंगस्टर को इनकी आपूर्ति कर रहा था। अमृतसर में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। डीजीपी ने कहा कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच जारी है।

### गोवा के नाइट क्लब में आग लगने से झारखंड के दो भाइयों सहित तीन श्रमिकों की मौत

**लापुंग:** गोवा के एक नाइट क्लब में आग लगने की घटना में मरने वाले लोगों में झारखंड के तीन प्रवासी श्रमिक भी शामिल हैं। उनके परिजनों ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों के परिजनों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि लापुंग प्रखंड के फतेहपुर गांव के दो भाइयों प्रदीप (24) और विनोद महतो (20) तथा खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के गोविंदपुर गांव के मोहती मंडा (22) की इस घटना में मौत हो गई। प्रदीप और विनोद के बड़े भाई फागू महतो (32) ने बताया कि उन्हें रविवार तड़के करीब तीन बजे गोवा में रहने वाले उनके एक रिश्तेदार के फोन करने पर दोनों की मौत की जानकारी मिली। फागू ने कहा, 'मैंने अपने दोनों भाइयों - प्रदीप और विनोद - को गंवा दिया है। हमें इस बारे में तब पता चला, जब हमारे एक रिश्तेदार निशान कुमार का फोन आया, जो रोजगार की तलाश में गोवा गया था। मेरे पिता धनेश्वर महतो सदमे में हैं।' उत्तरी गोवा के एक नाइट क्लब में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

## थाना प्रभारी की हत्या के मामले में महिला सिपाही गिरफ्तार, निरीक्षक का संतकबीरनगर में अंत्येष्टि

**जालौन/संतकबीरनगर/ बरेली (उप्र):** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के कुठौद थाने के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत के मामले में पुलिस ने एक महिला आरक्षी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, राय के गृह जिले संत कबीर नगर में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात प्रभारी निरीक्षक राय की गोली लगने से मौत के बाद उनकी पत्नी माया राय ने एक महिला आरक्षी पर हत्या का आरोप लगाया था तथा पुलिस ने आज महिला आरक्षी को गिरफ्तार कर लिया। जालौन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ दुर्गेश कुमार ने बताया कि विगत पांच दिसंबर को थाना कुठौद के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय की गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। सूचना पाकर दिवंगत निरीक्षक की पत्नी माया राय अपने गृह जनपद संत कबीर नगर से जालौन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। उन्होंने थाना कोच में 'डायल 112' नंबर में तैनात महिला आरक्षी मीनाक्षी शर्मा पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की हत्या की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की और उसी आधार पर रविवार को शर्मा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना के समय आरक्षी शर्मा दिवंगत निरीक्षक के आवास पर ही थी और उसी ने अन्य पुलिसकर्मियों को घटना की सूचना दी थी।

### जयपुर में एक तरफ झुकी बहुमंजिला निर्माणाधीन इमारत को गिराया गया

**जयपुर:** जयपुर के मालवीय नगर इलाके में उस बहुमंजिला निर्माणाधीन इमारत को रविवार को गिरा दिया जिसमें शनिवार को अचानक बड़ी बड़ी दरारें आ गईं और वह एक ओर झुक गई थी। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की तकनीकी टीम ने जेसीबी मशीनों से इस इमारत को एक तरफ से कमजोर किया और उसके बाद उसे गिरा दिया गया। यह निर्माणाधीन इमारत एक होटल की थी। इसका मालिक मौके पर पहुंचा और जेडीए की कार्रवाई पर एतराज जताया। उनकी वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों के साथ बहस भी हुई। उन्होंने दावा किया कि इमारत को गिराने से पहले कोई विधि या तकनीकी सलाह नहीं ली गई थी। उन्होंने दावा किया कि इमारत की योजना नगर निगम से मंजूरशुदा है और उन्होंने बतौर फीस 1.25 लाख रुपये जमा किए हैं। इमारत के मालिक ने कहा, वे अब कह रहे हैं कि मामला जेडीए के अधीन आता है। हमारा नक्शा नगर निगम ने पास किया था। इसके बावजूद इमारत को अवैध घोषित कर दिया गया और गिरा दिया गया।

## क्रिकेट टीम में चयन कराने का लालच देकर दो नाबालिग लड़कों से कुकर्म का आरोपी कोच गिरफ्तार



**वाराणसी :** वाराणसी में क्रिकेट टीम में चयन कराने का लालच देकर दो नाबालिग लड़कों के साथ कुकर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक प्रशिक्षक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त गौरव कुमार ने रविवार को बताया कि क्रिकेट टीम में चयन कराने का लालच देकर 14 और 15 साल के दो लड़कों से दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को क्रिकेट कोच मुरारीलाल (45) को गिरफ्तार कर लिया। कुमार के मुताबिक परिजनों ने पुलिस को बताया कि 14 और 15 साल के दो किशोर कोच के पास अभ्यास करने जाते थे। कोच ने पहले एक किशोर के साथ लखनऊ में अंडर-14 में चयन कराने और मेडिकल चेकअप करने के बहाने दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि फिर कोच ने दूसरे किशोर के साथ तीन दिन कुकर्म किया, तबीयत बिगड़ने पर एक किशोर को उसकी मां ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों की जांच में किशोर ने आपबीती सुनाई। सहायक पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपी की पत्नी ने उसकी गलत आदतों के कारण करीब पांच साल पहले उससे तलाक ले लिया था। आरोपी को वर्ष 2021 में भी केंद्रीय विद्यालय में दाखिला कराने के नाम पर कुछ बच्चों के साथ दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## झारखंड के जमशेदपुर में 'जीवाणु संक्रमण' से 10 काले हिरणों की मौत



**रांची:** झारखंड के जमशेदपुर स्थित एक चिड़ियाघर में जीवाणु संक्रमण के कारण कम से कम 10 काले हिरणों की मौत हो गई है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) में हिरणों की मौत एक दिसंबर से छह दिसंबर के बीच हुईं। आखिरी हिरण की मौत शनिवार को हुई थी। टीएसजेडपी के उप निदेशक डॉ. नईम अख्तर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''उद्यान में अब तक दस काले हिरणों की मौत हो चुकी है। हिरण के शव को जांच और मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय भेजा गया है। ऐसा लगता है कि यह जीवाणु संक्रमण के कारण हुआ है।' रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय (आरवीसी) की पशु चिकित्सा पैथोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रज्ञा लकड़ा ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'संदेह है कि यह एच.एस. (रक्तस्रावी सेप्टिसीमिया) है, जो पास्चरेला प्रजाति के बैक्टीरिया से होने वाला एक जीवाणुजनित रोग है। इस रोग को पास्चरेलोसिस भी कहा जाता है।' उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच सोमवार को की जाएगी। उन्होंने कहा, 'आगे की प्रक्रिया पूरी करने के बाद, हम बीमारी की पुष्टि कर सकते हैं।' टीएसजेडपी में पक्षियों सहित लगभग 370 जानवर हैं। वहां 18 काले हिरण थे। अधिकारी ने बताया कि 10 काले हिरणों की मौतों के बाद, चिड़ियाघर में केवल आठ काले हिरण ही बचे हैं। अख्तर ने बताया कि पहली मौत एक दिसंबर को हुई थी। उन्होंने बताया कि बाद में, मौत का कारण जानने के लिए नमूना रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय भेजा गया। जमशेदपुर प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) सबा आलम ने कहा, 'चिड़ियाघर प्राधिकरण के अनुरोध पर हमने नमूना रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय भेजने में मदद की। हमने केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को मौतों के बारे में सूचित कर दिया है।'

## बच्चे को घर से उठा ले गया भेड़िया, तलाश जारी



**बहराइच (उप्र):** बहराइच जिले की कैसरगंज तहसील स्थित मल्लहनपुरवा गांव में एक घर में संदिग्ध रूप से घुसा भेड़िया चार माह के एक बच्चे को उठा ले गया। वन विभाग की टीमें ड्रोन कैमरे की मदद से तलाश अभियान चला रही हैं मगर अब तक ना तो बच्चे का कुछ पता लगा है ना ही भेड़िया नजर आया है। पिछले नौ दिनों में इसी मल्लहनपुरवा गांव में भेड़िये के तीन हमले हो चुके हैं। पिछली 28 नवंबर को भेड़िये के हमले में पांच साल के लड़के की मौत हो गयी थी। वहीं, विगत पांच दिसंबर को भेड़िये ने पांच वर्षीय बच्ची को घायल किया था। ग्रामीणों के मुताबिक मल्लहनपुरवा गांव निवासी संतोष का चार माह का बेटा सुभाष छह/सात दिसम्बर की दरमियानी रात अपनी मां के साथ घर में सो रहा था और रात करीब डेढ़ बजे भेड़िया चुपचाप घर में घुसा और सुभाष को मां की गोद से अपने जबड़े में दबोचा और भाग गया। ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन भेड़िया बच्चे को लेकर ओझल हो गया। प्रभागीय वन अधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि संतोष के चार माह के पुत्र सुभाष को वन्यजीव द्वारा रात करीब डेढ़ बजे उठाकर ले जाने की सूचना मिली थी और सूचना मिलते ही गांव में पहले से तैनात वन विभाग की टीमों ने ड्रोन व अन्य तरीकों से खोज अभियाल शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि नदी के किनारे और गन्ने के खेतों में जहां-जहां वन्यजीव के होने की सूचना मिल रही है, वहां हमारी टीमें पहुंच कर तलाश में लगी हैं। अधिकारी ने बताया कि टीम में प्रशिक्षित शूटर भी शामिल हैं और शीघ्र ही हमलावर जीव को या तो पकड़ लिया जाएगा अथवा उसे गोली मार दी जाएगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सशस्त्र बल झंडा दिवस: प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अडिग साहस से काम करने के लिए रविवार को सशस्त्र बलों के प्रति गहरा आभार जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, सशस्त्र बल झंडा दिवस पर, हम अडिग साहस के साथ हमारे राष्ट्र की रक्षा करने वाले साहसी पुरुषों और महिलाओं के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री ने सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में भी योगदान दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, उनका अनुशासन, संकल्प और मनोबल लोगों की रक्षा करता है और हमारे राष्ट्र को मजबूत बनाता है। उनका समर्पण कर्तव्य,अनुशासन और राष्ट्र के प्रति भक्ति का एक शानदार उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने लोगों से सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में योगदान देने की अपील की।

### उड़ान रद्द होने पर यात्रियों की मदद के लिए एनएफआर चलाएगा विशेष ट्रेनें

**गुवाहाटी :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) उड़ानों में व्यवधान के मद्देनजर यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए विशेष ट्रेनें चलाएगा। एनएफआर के मुख्य प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कपिलंजल किशोर शर्मा ने बताया कि विभिन्न ट्रेनों में विभिन्न श्रेणियों के अतिरिक्त कोच भी जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा, '' एनएफआर ने इंडिगो की उड़ानें रद्द होने के मद्देनजर ये पहल की है।'' सीपीआरओ ने बताया कि सोमवार को दो विशेष रेलगाड़ियां चलेंगी - एक डिब्रूगढ़ से नयी दिल्ली और एक गुवाहाटी से हावड़ा के लिए। उन्होंने कहा, '' इसके अलावा, यात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए 18 अलग-अलग ट्रेनों में 20 कोच जोड़े जाएंगे। ये ट्रेनें अलग-अलग सेक्टरों में चल रही हैं।''

### श्रीनगर में मादक पदार्थ तस्कर का मकान कुर्क

**श्रीनगर :** पुलिस ने रविवार को शहर के नटिपोरा इलाके में मादक पदार्थों के एक तस्कर का मकान कुर्क कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कुर्क किया गया यह मकान जाविद अहमद गनी के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया, पुलिस ने मादक पदार्थ पर रोकथाम से संबंधित 'एनडीपीएस' कानून के प्रावधानों के तहत लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य का दो मंजिला आवासीय मकान कुर्क किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी मादक पदार्थ की तस्करी के कई मामलों में पहले भी संलिप्त रहा है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान, यह निर्णायक रूप से स्थापित हो गया कि संपत्ति अवैध नशीले पदार्थों के व्यापार से अर्जित की गई थी।

### महाराष्ट्र शीतकालीन सत्र: विपक्ष चाय पार्टी में शामिल नहीं होगा

**नागपुर :** महाराष्ट्र में विपक्ष ने शीतकालीन सत्र के शुरुआत होने की पूर्व संध्या पर सरकार की परंपरागत चाय पार्टी का बहिष्कार करने का रविवार को निर्णय लिया। विपक्ष का कहना है कि सरकार राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं (एलओपी) की नियुक्ति करने में विफल रही है। कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने संवाददाताओं को बताया कि चाय पार्टी का निमंत्रण विपक्ष के नेताओं के बजाय व्यक्तिगत रूप से विधायकों को भेजा गया था। उन्होंने कहा, ''दोनों सदनों में विपक्ष के नेता नहीं हैं और पद रिक्त हैं। ये दोनों ही वैधानिक पद हैं। दोनों पदों को रिक्त रखकर सरकार ने दिखा दिया है कि उसे संविधान पर भरोसा नहीं है। इसलिए हमने चाय कार्यक्रम का बहिष्कार किया है।''

### कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में सोमवार को हल्की बर्फबारी की संभावना

**श्रीनगर :** कश्मीर में बीते 24 घंटे में रात के तापमान में कई डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी, लेकिन वह जमाव बिंदु से नीचे रहा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, दक्षिण कश्मीर में पहलगाम रिसॉर्ट, जम्मू और कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। पहलगाम रिसॉर्ट वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविर के रूप में कार्य करता है।

# प्रदूषण के खिलाफ इंडिया गेट पर प्रदर्शन करने वाले पिछली सरकारों के समय कहां थे : रेखा गुप्ता



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बिगड़ती वायु गुणवत्ता को लेकर इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन करने वालों की आलोचना करते हुए पूछा कि पिछली सरकारों के दौरान ऐसे लोग कहां थे। उन्होंने कहा कि तब वायु प्रदूषण लगातार समस्या बनी हुई थी। गुप्ता ने एक कार्यक्रम में कहा, ''वायु प्रदूषण की समस्या नई नहीं है और यह वर्षों से चली आ रही है। मैं इंडिया गेट पर प्रदर्शन कर रहे लोगों से पूछना चाहती हूं कि इससे पहले आपके प्रदर्शन कहां हुए थे? पिछली सरकार ने क्या किया? 27 वर्षों का लंबित मामला है। सरकार को काम करने के लिए कम से कम 27 महीने चाहिए। 27 महीनों के बाद, आप मुझसे वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछ सकते हैं।'' गुप्ता ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों को रेखांकित करते हुए कहा कि सर्दियों के दौरान आग जलाने से होने वाले धुएं और प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के रात्रि प्रहरियों के बीच इलेक्ट्रिक हीटर वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक हीटर एक सुरक्षित, स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प है, जो प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में प्रभावी रूप से योगदान दे सकता है। गुप्ता के मुताबिक, सरकार प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए 'मिशन स्तर' पर काम कर रही है।

### दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज

दिल्ली में प्रदूषण का स्तर रविवार को भी बहुत खराब श्रेणी में बना रहा। राजधानी का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 308 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 'समीर' ऐप के अनुसार, शाम तक शहर के 29 निगरानी केंद्र में वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया और इनमें बवाना का एक्यूआई (336) सर्वाधिक था। ऐप के अनुसार, दिल्ली में रविवार सुबह 10 बजे एक्यूआई 302 था और 26 स्टेशनों ने 'बहुत खराब' श्रेणी में वायु गुणवत्ता दर्ज की। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई 0-50 'अच्छा', 51-100 'संतोषजनक', 101-200 'मध्यम', 201-300 'खराब', 301-400 'बहुत खराब' और 401-500 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली (डीएसएस) के अनुसार, परिवहन क्षेत्र का प्रदूषण में 16.5 प्रतिशत योगदान रहा। इसके बाद दिल्ली और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों का 8.1 प्रतिशत, आवासीय स्रोतों का चार प्रतिशत और निर्माण गतिविधियों का 2.3 प्रतिशत योगदान रहा।

## अमूर्त विरासत कई मायनों में संस्कृति की सबसे लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति है : जयशंकर



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि परंपराएं, भाषाएं, संगीत, शिल्प कौशल और अमूर्त विरासत के अन्य रूप कई मायनों में ''संस्कृति की सबसे लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति'' हैं, जो सभी की साझा संपत्ति होती हैं और कई लोग इसका संरक्षण करते हैं। यहां लाल किला परिसर में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) के संरक्षण पर यूनेस्को की एक महत्वपूर्ण बैठक के उद्घाटन समारोह में अपने संबोधन के दौरान जयशंकर ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से कहा कि शांति और समृद्धि की ''साझा खोज'' में विरासत को पोषित करना और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना आवश्यक है। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अंतर-सरकारी समिति (आईसीएच) का 20वां सत्र आठ से 13 दिसंबर तक लाल किले में आयोजित होगा। यह पहली बार है कि भारत यूनेस्को पैनल के किसी सत्र की मेजबानी कर रहा है। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के महानिदेशक खालिद अल-एनानी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि विशाल वी. शर्मा उपस्थित थे। मुगल सम्राट शाहजहां द्वारा निर्मित लाल किला यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और एएसआई द्वारा संरक्षित एक स्मारक है।

## गुजरात : बोरवेल में गिरे किशोर को आठ घंटे के बाद निकाला गया, मौत

**कच्छ :** गुजरात में कच्छ जिले के भुज तालुका के एक गांव में 140 फुट गहरे बोरवेल में गिरे 17 वर्षीय मजदूर को आठ घंटे चले बचाव अभियान के बावजूद बचाया नहीं जा सका। यह बचाव अभियान रविवार तड़के समाप्त हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि किशोर को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या हो सकती है, क्योंकि पीड़ित और उसके पिता के बीच महंगे मोबाइल फोन को लेकर झगड़ा हुआ था। उसने बताया कि मूल रूप से झारखंड निवासी रुस्तम शेख शनिवार शाम कुक्मा गांव में एक फार्महाउस में 1.5 फुट चौड़े बोरवेल में गिर गया। पुलिस उपाधीक्षक एमजे क्रिश्चियन ने बताया कि पुलिस को शनिवार शाम 6.30 बजे घटना की सूचना मिली और बोरवेल संचालकों तथा अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर बचाव अभियान शुरू किया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पीड़ित बोरवेल के अंदर से चीख रहा था। ऑक्सीजन की तुरंत आपूर्ति की गई।'' उन्होंने बताया कि शेख को करीब आठ घंटे की कोशिश के बाद रविवार तड़के करीब तीन बजे बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया, ''शेख को जीके जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।'' क्रिश्चियन ने बताया कि शुरुआती जांच से खुलासा हुआ है कि शेख ने अपने पिता के साथ महंगे मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद बोरवेल में छलांग लगा दी।

## भुवनेश्वर में दो हथियार तस्कर गिरफ्तार; कार्बाइन समेत 11 हथियार जब्त

**भुवनेश्वर :** ओडिशा पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह के दो संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक कार्बाइन सहित 11 आग्नेयास्त्र जब्त किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त एस देवदत्त सिंह ने कहा कि कमिश्नरेट पुलिस की विशेष अपराध इकाई (एससीयू) ने शुक्रवार को भुवनेश्वर के खंडगिरि इलाके में एक विशेष अभियान के दौरान दो हथियार तस्करों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान अंगुल जिले के रहने वाले सुमंत नाईक (30) और ढेंकनाल जिले के सौभाग्य नाईक (30) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि



आरोपियों के वाहन को उस समय रोका गया जब वे क्षेत्र में आपराधिक तत्वों को हथियारों का एक बड़ा जखीरा पहुंचाने के लिए अंगुल से बरहामपुर जा रहे थे। सिंह ने बताया कि अवैध हथियारों में दो नौ मिमी पिस्तौल, आठ 7.65 मिमी पिस्तौल और एक स्वचालित कार्बाइन शामिल है। ये हथियार झारखंड और बिहार से खरीदे गए थे। दोनों आरोपी कुख्यात अपराधी हैं और उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन, डकैती और लूटपाट समेत कई मामले दर्ज हैं।

## उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप जारी, जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में तापमान शून्य से नीचे

**नयी दिल्ली :** पूरे उत्तर भारत में रविवार को भी ठंड का प्रकोप जारी रहा और अमरनाथ यात्रा आधार शिविर जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में भी न्यूनतम तापमान तीन से सात डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि सोमवार और मंगलवार को मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर चलने की ''बहुत अधिक संभावना'' है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले के 6.8 डिग्री से अधिक है लेकिन सामान्य से 1.6 डिग्री कम है। राष्ट्रीय राजधानी में अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.1 डिग्री कम था, जबकि सुबह सापेक्ष आर्द्रता 92 प्रतिशत रही। मौसम विभाग ने सोमवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया है, साथ ही धुंध की भी संभावना जताई है। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर रविवार को 'बेहद खराब' श्रेणी में रहा। शहर में 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मानकों के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 'संतोषजनक', 101 से 200 'मध्यम', 201 से 300 'खराब', 301 से 400 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर में कश्मीर में रात के तापमान में कई डिग्री की वृद्धि हुई, लेकिन यह हिमांक बिंदु से नीचे रहा।

## उड़ानों में व्यवधान: विमानन कंपनी के अधिकारियों और नियामक को तलब कर सकती है संसदीय समिति

**नयी दिल्ली :** बड़ी संख्या में इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने के कारण यात्रियों को हुई परेशानी के मामले में एक संसदीय समिति निजी विमानन कंपनी के शीर्ष अधिकारियों और नागर विमानन नियामक को तलब कर सकती है। जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) नेता संजय झा की अध्यक्षता वाली परिवहन, पर्यटन और संस्कृति पर संसदीय स्थायी समिति, विमानन कंपनी के शीर्ष अधिकारियों और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) तथा नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारियों से हवाई सेवाओं में व्यवधान के कारणों और उसके समाधानों पर स्पष्टीकरण मांग सकती है। समिति के एक सदस्य ने बताया कि हवाई सेवाओं में व्यवधान के कारण हजारों यात्रियों को हो रही परेशानियों को समिति ने गंभीरता से लिया है। एक सदस्य ने कहा कि शीतकालीन सत्र के लिए राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद सांसदों को भी इंडिगो द्वारा उड़ानें रद्द किए जाने और अन्य एयरलाइनों द्वारा देरी किए जाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। कई सांसदों को लोगों से शिकायतें भी मिलीं कि इस स्थिति के कारण हवाई किराये में काफी बढ़ोतरी हो गई है। इस बीच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास ने उड़ानों में बड़े पैमाने पर व्यवधान की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने या न्यायिक जांच कराने की मांग की। ब्रिटास परिवहन संबंधी स्थायी समिति के सदस्य नहीं हैं। इंडिगो वर्तमान में अपनी 2,300 दैनिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में से 1,650 उड़ानों का संचालन कर रही है, जबकि 650 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

## साइबर अपराध में शामिल और चीन से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़,दिल्ली में मुख्य आरोपी गिरफ्तार : पुलिस

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराध में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसका कथित तौर पर चीन से संदिग्ध संबंध है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस गिरोह ने ऑनलाइन निवेश का झांसा देकर एक वरिष्ठ नागरिक से कथित तौर पर 33 लाख रुपये से अधिक की ठगी की थी। पुलिस ने बताया कि 61 वर्षीय एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि ऑनलाइन निवेश की आड़ में उनके साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि पैसा कई खातों के माध्यम से अंततः एक फर्जी प्राइवेट लिमिटेड



कंपनी के बैंक खातों में पहुंचा।'' उन्होंने बताया कि फर्जी कंपनी से जुड़े दो लोगों की पहचान उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निवासी शिवम सिंह और दिल्ली निवासी लक्ष्य के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया, ''लक्ष्य को 19 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान, उसने सह-आरोपी शुभम और अन्य के निर्देश पर एक कंपनी का खाता खोलने की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि उसने बैंक खाते बनाए और सिम कार्ड खरीदे, जिसके ऐवज में पैसे लिये।''

## महाराष्ट्र के नासिक के घाट इलाके में कार के 600 फुट गहरी खाई में गिरने से छह लोगों की मौत

**नासिक :** नासिक के कलवान तालुका के सप्तश्रृंग गढ़ घाट में रविवार को एक कार के 600 फुट गहरी खाई में गिर जाने से छह लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शाम चार बजे हुई और



मृतक निफाड़ तालुका के पिंपलगांव बसवंत के रहने वाले हैं। अधिकारी ने बताया, उनकी मौके पर ही मौत हो गई। टोयोटा इनोवा वाहन में सात यात्री सवार थे। मृतकों की पहचान कीर्ति पटेल (50), रसीला पटेल (50), विट्ठल पटेल (65), लता पटेल (60), वचन पटेल (60) और मणिबेन पटेल (70) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

## सोनम वांगचुक की पत्नी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनके पति को हिरासत में लिए जाने को ''अवैध और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाली एक मनमानी कार्रवाई'' बताया गया है। इस मामले की सुनवाई संभवतः न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ करेगी। पीठ ने 24 नवंबर को मामले की सुनवाई उस वक्त टाल दी थी जब केंद्र सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने वांगचुक की पत्नी के जवाब पर अपना पक्ष रखने (रिज्वाइंडर) के लिए मोहलत मांगी। शीर्ष अदालत ने 29 अक्टूबर को वांगचुक की पत्नी की संशोधित अर्जी पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा था। संशोधित अर्जी के मुताबिक, ''हिरासत का आदेश पुरानी प्राथमिकी, अस्पष्ट आरोपों और अनुमानों पर आधारित है, इसका हिरासत के कथित आधारों से कोई सीधा या करीबी संबंध नहीं है और इसलिए इसका कोई कानूनी या तथ्यात्मक औचित्य नहीं है...।'' अर्जी में कहा गया है, ''निरोधक शक्तियों का इस तरह मनमाना इस्तेमाल अधिकार का घोर दुरुपयोग है, जो संवैधानिक स्वतंत्रता और सही प्रक्रिया की बुनियाद को चोट पहुंचाता है और इस प्रकार हिरासत का आदेश इस अदालत द्वारा रद्द किये जाने के योग्य है।''

## नयी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं लद्दाख की प्रगति को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता को दर्शाती: उपराज्यपाल

**लेह :** लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने रविवार को कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पूरी की गई नयी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं यहां की प्रगति के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। गुप्ता ने बीआरओ की 125 रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के विभिन्न हिस्सों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पूरी की गई 125 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और जम्मू-कश्मीर तथा अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम समेत सात राज्यों में इन परियोजनाओं के तहत 28 सड़कों, 93 पुलों का काम और चार विविध कार्य 5,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरे हो चुके हैं। गुप्ता ने कहा कि इन उन्नत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से दूरदराज के गांवों और अग्रिम सैन्य ठिकानों तक अंतिम छोर तक संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे ये क्षेत्र राष्ट्रीय मुख्यधारा के करीब आ जाएंगे। लद्दाख में पूरी हुई 41 परियोजनाओं सहित देश भर में परियोजनाओं के उद्घाटन की सराहना करते हुए उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया।

## मैं आंदोलन के नहीं, बातचीत के पक्ष में हूं: हिमंत

**उधारबोंड :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को तेजपुर विश्वविद्यालय में जारी आंदोलन की निंदा करते हुए कहा कि वह किसी भी प्रकार के आंदोलन के पक्ष में नहीं हैं लेकिन सभी प्रकार की चर्चा का समर्थन करते हैं। विश्वविद्यालय में माहौल मध्य सितंबर से तनावपूर्ण बना हुआ है। छात्रों का आरोप है कि कुलपति शंभु नाथ सिंह और प्रशासन ने गायक जुबीन गर्ग के प्रति सम्मान नहीं दिखाया, जबकि राज्य उनके निधन पर शोक मना रहा था। शर्मा ने यहां एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, जहां आंदोलन होगा, मैं वहां नहीं रहूंगा। जहां चर्चा होगी, मैं वहां रहूंगा। केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने 29 नवंबर से परिसर में पूर्ण बंद लागू कर



रखा है, जिसके चलते प्रशासन को सभी परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। कुलपति सिंह को शनिवार को केंद्रीय टीम के दौरे के बाद हटाए जाने के सवाल पर शर्मा ने कहा, मुझे इसकी जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा था कि उन्होंने स्थिति को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से बात की है और लंबित निष्पक्ष जांच के दौरान तत्काल एक प्रति-कुलपति नियुक्त करने का अनुरोध किया है।

# घरेलू रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा, निर्यात 24,000 करोड़ रुपये के करीब: राजनाथ

**लेह :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन 2014 के 46,000 करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 1.51 लाख करोड़ रुपये हो गया है और आयात पर निर्भर देश अब उत्पादक-निर्यातक के रूप में उभरा है। सिंह ने कहा कि देश में एक समय घरेलू स्तर पर हथियार और उपकरण बनाने के लिए मजबूत प्रणाली का अभाव था, लेकिन पिछले दशक के दौरान किए गए निरंतर प्रयासों से स्थिति बदल गई है। सिंह ने देश के विभिन्न हिस्सों में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पूरी की गई 125 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन



करने के बाद कहा, ''पिछले 10 वर्षों में हमारी कड़ी मेहनत के कारण, हमारा रक्षा उत्पादन, जो 2014 में लगभग 46,000 करोड़ रुपये था, अब बढ़कर रिकॉर्ड 1.51 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हमारा रक्षा निर्यात, जो 10 वर्ष पहले 1,000 करोड़ रुपये से भी कम था, अब लगभग 24,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।'' केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और जम्मू-कश्मीर तथा अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम समेत सात राज्यों में इन परियोजनाओं के तहत 28 सड़कों, 93 पुलों का काम और चार विविध कार्य 5,000 करोड़ रुपये की लागत से पूरे हो चुके हैं। तकनीकी नवाचार में उल्लेखनीय प्रगति के लिए बीआरओ की सराहना करते हुए सिंह ने कहा कि उन्नत इंजीनियरिंग पद्धतियां बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी ला रही हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के तहत 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स' के साथ साझेदारी में स्वदेशी रूप से विकसित 'क्लास-70' मॉड्यूलर पुलों को बीआरओ द्वारा अपनाने का विशेष उल्लेख किया। सिंह ने कहा, ''कई अग्रिम स्थानों पर इन मॉड्यूलर पुलों का सफल निर्माण इस बात का एक सशक्त उदाहरण है कि कैसे स्वदेशी तकनीक सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में बदलाव ला रही है। पूरी तरह से भारत में निर्मित ये पुल, भारत की इंजीनियरिंग आत्मनिर्भरता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं।''

## बालाघाट में 10 इनामी नक्सलियों ने किया समर्पण, मुख्यमंत्री यादव ने सभी को थमाई संविधान की प्रति

**बालाघाट (मध्यप्रदेश) :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष बालाघाट जिले में रविवार को 10 इनामी नक्सलियों ने समर्पण कर दिया, जिसके बाद उन्होंने सभी नक्सलियों को संविधान की प्रति देते हुए शांतिपूर्ण जीवन जीने की अपील की। बालाघाट पुलिस लाइन परिसर में आयोजित 'पुनर्वास से पुर्नजीवन' कार्यक्रम में आत्समर्पण करने वाले ये नक्सली भोरमदेव जंगल क्षेत्र में सक्रिय थे और इनपर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा 2 करोड़ 36 लाख का इनाम रखा गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री यादव ने नक्सलियों से सरकार की पुनर्वास योजना के तहत मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की और कहा कि जो कानून की राह अपनाते हैं, उनके पुनर्वास की चिंता सरकार



करेगी। उन्होंने कहा, सरकार की पुनर्वास योजना केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि प्रदेश सरकार की गारंटी है। जो भी व्यक्ति हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करेगा, उसे सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा और पुनर्वास का पूरा अवसर दिया जाएगा। सरकार का उद्देश्य हर उस व्यक्ति को सुरक्षित भविष्य देना है जो विकास और शांति की राह पर चलना चाहता है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने मुख्यमंत्री को अपने हथियार सौंपे। इनमें चार महिला नक्सली भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सरकार मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहित और कोहली के साथ अलग तरह से व्यवहार करना होगा: बांगड़

**विशाखापत्तनम:** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा का पिछले कुछ वर्षों में प्रदर्शन को देखते हुए उनके साथ अलग तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए और वनडे टीम में उनकी जगह को लेकर कभी भी बहस नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर इस सीनियर जोड़ी के 2027 विश्व कप तक फॉर्म और फिटनेस बरकरार रखने को लेकर भले ही संशय में हो सकते हैं, लेकिन दोनों बल्लेबाजों ने पिछले छह वनडे मैचों में तीन शतक (कोहली के दो) और पांच अर्धशतक (रोहित के तीन) लगाकर बतला दिया है कि उनका कोई सानी नहीं है।

### विश्व कप फाइनल: सिमरनप्रीत ने 25 मीटर पिस्टल में जीता स्वर्ण, ऐश्वर्य और अनीश ने दिलाया रजत

**दोहा:** भारत की युवा निशानेबाज सिमरनप्रीत कौर बरार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 21 वर्षीय सिमरनप्रीत ने फाइनल में 41 अंकों का बेहतरीन स्कोर बनाकर न सिर्फ करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की बल्कि विश्व जूनियर रिकॉर्ड की भी बराबरी की। इस प्रतियोगिता में भारत के दो अन्य निशानेबाजों ने भी देश का गौरव बढ़ाया। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में रजत पदक जीता, जबकि अनीश भानवाला ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया। इसके साथ ही भारत के पदकों की कुल संख्या बढ़कर छह हो गई, जिनमें दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य शामिल हैं। भारत पदक तालिका में चीन (तीन स्वर्ण) के बाद दूसरे स्थान पर बना हुआ है। फाइनल में सिमरनप्रीत ने शुरुआत में तीन निशाने चूकते हुए आठवें स्थान पर खिसक गई थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार तीन 'परफेक्ट-5' लगाकर चीन की याओ कियानक्सुन और जर्मनी की डोरेन वेनेकैंप को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीत लिया।

# रोहित और कोहली का अनुभव महत्वपूर्ण, लेकिन युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय: गंभीर



**विशाखापत्तनम:** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए काफी मायने रखता है लेकिन इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय रहा है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया जबकि रोहित में दो अर्धशतक जमाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गंभीर ने उम्मीद जताई कि दोनों दिग्गज खिलाड़ी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने तीसरे और अंतिम वनडे में भारत की नौ विकेट से जीत के बाद पत्रकारों से कहा, 'वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने कई बार कहा है कि वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। वे इस प्रारूप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ड्रेसिंग रूम में उनका अनुभव वास्तव में बहुत मायने रखता है।' उन्होंने कहा, 'वे वही कर रहे हैं जो वे करते रहे हैं। वे भारतीय क्रिकेट के लिए इतने लंबे समय से ऐसा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे।' सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को विश्राम दिए जाने तथा शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की चोट के कारण अनुपस्थिति ने भारत को कुछ युवा खिलाड़ियों के कौशल को परखने का मौका दिया। गंभीर हर्षित राणा के गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में उभरने से विशेष रूप से प्रसन्न थे। उन्होंने कहा, 'हम हर्षित जैसे खिलाड़ी को इस तरह से तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जो वास्तव में नंबर आठ पर बल्लेबाजी करते हुए अपना योगदान दे सके। हमें इसी तरह संतुलन बनाना होगा, क्योंकि दो साल बाद (2027 वनडे विश्व कप के लिए) दक्षिण अफ्रीका दौरे पर हमें तीन अच्छे तेज गेंदबाजों की भी ज़रूरत होगी। अगर वह एक गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में खुद को स्थापित करता है तो यह हमारे लिए अच्छा होगा।' गंभीर भी तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन से प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा, 'इस श्रृंखला में अर्शदीप, प्रसिद्ध और हर्षित का प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा। इन तीनों के पास विशेषकर 50 ओवर के प्रारूप में बहुत अनुभव नहीं है। उन्होंने मुश्किल से 15 से भी कम वनडे खेले हैं लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।'

### स्मिथ की चमक से ऑस्ट्रेलिया ने जीता दूसरा टेस्ट, एशेज में 2-0 की मजबूत बढ़त

**ब्रिस्बेन:** ऑस्ट्रेलिया ने गाबा में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट को बेहद आसानी से जीतते हुए श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। मैच के चौथे दिन जीत के लिए मिले 65 रनों के लक्ष्य को मेजबान टीम ने सिर्फ 10 ओवर में हासिल कर लिया और इंग्लैंड को आठ विकेट से मात दी। इस मुकाबले में दोनों टीमों के कप्तान मुख्य केंद्र में रहे। इंग्लैंड के **बेन स्टोक्स** ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 50 रन बनाए और इंग्लैंड को दूसरी पारी में 241 तक पहुंचाया। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान **स्टीव स्मिथ** ने फील्डिंग में शानदार कैच लेकर मैच का रुख मोड़ा और फिर विजयी छक्का लगाकर मुकाबला खत्म किया। ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए दो विकेट पर 69 रन बनाए। स्मिथ ने नौ गेंदों पर नाबाद 23 रन ठोके, जिसमें एक चौका और निर्णायक छक्का शामिल रहा। उनके साथ जेक वेदरल्ड 17 रन पर नाबाद रहे।

## कोहली और वाशिंगटन ने विशाखापत्तनम के सिंहाचलम मंदिर में पूजा-अर्चना की



**विशाखापत्तनम:** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, उनके परिवार के सदस्यों और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने रविवार को यहां श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। भारतीय टीम ने शनिवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। मंदिर के अधिकारियों ने कोहली और उनके परिवार का स्वागत किया और उन्हें दर्शन के लिए ले गए। दर्शन करने से पहले उन्होंने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्र स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। अधिकारी ने पीटीआई को बताया, 'कोहली अपने परिवार के सदस्यों और भारतीय टीम के अपने कुछ साथियों के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे।' उन्होंने बताया कि दर्शन के बाद पुजारियों ने नादस्वरम की ध्वनि के साथ वेद आशीर्वाद का पाठ किया। पुजारियों ने खिलाड़ियों को मंदिर का पवित्र वस्त्र दिया और देवस्थानम की ओर से उन्हें भगवान का चित्र और प्रसाद भेंट किया।

### सिमरनप्रीत ने स्वर्ण पदक जीता, विश्व कप फाइनल पदार्पण में ऐश्वर्य तोमर को रजत

**दोहा:** युवा सिमरनप्रीत कौर बरार ने रविवार को यहां मुश्किल मुकाबले में जीत हासिल करके महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अपने पदार्पण में रजत पदक अपने नाम किया। ऐश्वर्य ने इस तरह इस खेल में सभी संभावित विश्व और महाद्वीपीय चैंपियनशिप में पदकों का सेट पूरा कर लिया। इस साल की शुरुआत में लीमा में विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली सिमरनप्रीत के पिता ने अपनी बेटी के लिए सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। इस निशानेबाज ने फाइनल में 41 का शानदार स्कोर बनाकर अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की और अपने माता-पिता को फक्र महसूस कराया। उन्होंने साथ ही विश्व जूनियर रिकॉर्ड की बराबरी भी की। आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी भारतीय ईशा सिंह सातवें स्थान पर रहीं।

## रोहित से मजाकिया बातचीत के बाद कुलदीप ने कहा, 'डीआरएस लेने में गलत रहता हूं'



**विशाखापत्तनम:** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे। कुलदीप ने बीसीसीआई के वीडियो में कहा, 'साफ जाहिर है कि डीआरएस लेने के मामले में मेरा आकलन सही नहीं रहता। मुझे लगता है कि एक डीआरएस मेरे लिए आरक्षित रहता है।' उन्होंने कहा, 'एक गेंदबाज होने के कारण आपको हमेशा यह लगता है कि यह आपका विकेट है, यह आउट है। लेकिन रोहित भाई, केएल भाई, वे विकेट के पीछे खड़े होते हैं इसलिए उन्हें बेहतर अंदाजा होता है कि गेंद स्टंप्स को छोड़कर जा रही है या नहीं।

## मंधाना और पलाश ने रिश्ता खत्म करने की घोषणा की, निजता बनाए रखने की अपील की



**नयी दिल्ली:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को घोषणा की कि उनकी शादी रद्द कर दी गई है तथा उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से अटकलों पर विराम लगाने का आग्रह किया, जबकि संगीतकार पलाश मुछाल ने पुष्टि की कि उन्होंने रिश्ते से आगे बढ़ने का फैसला किया है। मुछाल ने अपमानजनक अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। भारत की सबसे प्रमुख महिला क्रिकेटरों में से एक मंधाना ने पिछले महीने अपनी निजी जिंदगी को लेकर अफवाहें तेज होने के बाद सोशल मीडिया पर अपना पहला सार्वजनिक बयान जारी किया। मंधाना ने लिखा, 'मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी ऐसा करने का अनुरोध करती हूं।' मंधाना की 23 नवंबर को मुछाल से शादी होने वाली थी, लेकिन इस स्टार क्रिकेटर के पिता श्रीनिवास को दिल से जुड़ी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था जिसके कारण शादी स्थगित कर दी गई थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, 'पिछले कुछ सप्ताह से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर अपनी बात रखना महत्वपूर्ण है।' खुद को एक 'बेहद निजी इंसान' करार देते हुए मंधाना ने कहा कि चीजों को स्पष्ट करने की जरूरत के कारण उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने प्रशंसकों और जनता से अनुरोध किया कि वे 'दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें' और उन्हें ''इससे निपटने और आगे बढ़ने के लिए जगह दें।' भारत के आगामी अंतरराष्ट्रीय सत्र की तैयारी कर रही मंधाना ने कहा कि उनका ध्यान पूरी तरह से क्रिकेट पर है। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि हम सभी का (जीवन में) एक बड़ा उद्देश्य होता है और मेरे लिए वह उद्देश्य हमेशा अपने देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करना रहा है। मुझे उम्मीद है कि मैं यथासंभव लंबे समय तक भारत के लिए खेलती रहूंगी और ट्राफियां जीतती रहूंगी।' मंधाना की पोस्ट के तुरंत बाद पलाश मुछाल ने भी बयान जारी किया, जिसमें पुष्टि की गई कि उन्होंने 'आगे बढ़ने का फैसला किया है।'

शीतकालीन मिष्ठान्न
गाजर हलवा, गुलाब जामुन (गरम), ड्राईफ्रुट लड्डु, गुड़ संदेश-गुड़ रसगुल्ला, गुड़ कलाकन्द, ड्राईफ्रूट गजक, पिस्ता बादाम चक्की, रेवड़ी, काजू-पिस्ता रोल, काजू अंजीर बर्फी एवं मिष्ठान्न
तिवारी ब्रदर्स मिठाई शॉप
78/12, ब्लॉक-ई, न्यु अलीपुर : 8981026905/9007085111, 033-35928658
तिवारी ब्रदर्स, बड़ाबाजार : 6291225670, 8981026906 / 033-22688913
तिवारी स्वीट्स, कॉटन स्ट्रीट : 8981026911 / 6291183199
तिवारी कन्फेक्सनर्स : मिन्टो पार्क : 033-22871161/ 5613, 8276829752
काकुड़गाछी : 033-23558373 / 74, 9038488211




वर्ष 10, पूर्णांक 3436 अंक 246, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in